उज्जैन
गुरुवार
12
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-101
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



लाइव शो में जॅस्मिन सॅडलस ने रोका गाना दिल्ली में सिंगर बोलीं- 'लड़कियां सेफ नहीं तो मैं गाना नहीं गाऊंगी'



## अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई, मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया

**वॉशिंगटन।** ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में



सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लॉन्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या भी बढ़ी है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी हुई नजर आ रही है।

## अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया, मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया।

## कोर्ट हिमंता को चुनाव लड़ने से रोके, एक दिन भी सीएम बने रहने लायक नहीं

**मुंबई।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के शूटिंग वीडियो को लेकर एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने



उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। अजमल ने अदालत से आग्रह किया कि सरमा को चुनाव लड़ने से रोका जाए। वह एक दिन भी अपनी कुर्सी पर बने रहने के योग्य नहीं हैं। बदरुद्दीन अजमल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि पिछले छह महीनों से एक समुदाय के खिलाफ लगातार नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले दिखाया गया कि हिमंत बिस्व सरमा मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों की ओर बंदूक तान रहे हैं।

## महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आईपीएल की तर्ज पर होगी मंदिर प्रीमियर लीग

**कोल्हापुर।** देश में आईपीएल, विमेन प्रीमियर लीग और कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग के बाद अब महाराष्ट्र में पहली बार मंदिर प्रीमियर लीग हो रही है। इसमें राज्य के 12 प्रसिद्ध मंदिरों की टीमें शामिल होंगी। सभी मैच कोल्हापुर में होंगे। स्पर्धा 14 से 16 फरवरी तक चलेगी। सभी मैच डे-नाइट होंगे। इस टेनिस बॉल स्पर्धा में श्री क्षेत्र जोतिबा, श्री क्षेत्र नृसिंहवाड़ी, श्री क्षेत्र अंबाबाई (महालक्ष्मी) कोल्हापुर की दो टीमें, ओढ्यावरील गणपति (प. महाराष्ट्र देवस्थान) सहित 12 टीमें शामिल होंगी। विजेता टीम को 25,555 रु. का पुरस्कार मिलेगा। उपविजेता को 21,111 व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15,555 मिलेंगे।

### इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम गिराए, इनसे तापमान 3,500 डिग्री पहुंचा

# हजारों इंसान भाप बनकर गायब

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

इजराइल पर गाजा में वैक्यूम बम इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट द रेस्ट ऑफ द स्टोरी के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है।

इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने



वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें वैक्यूम बम, थर्मल या थर्मोबैरिक बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

### सीजफायर लागू होने के बाद से गाजा में 500 लोगों की मौत

इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं।

## महिला शॉल में छिपाकर भागी 65 लाख के गहने

### झांसी में पति ने ज्वेलर की तिजोरी से निकालकर दिए, बोला- बड़ा आदमी बनना चाहता था

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ झांसी

झांसी में 18 साल से ज्वैलरी शॉप पर काम कर रहे एक युवक ने 65 लाख रुपए के गहने और 3.10 लाख रुपए कैश चोरी कर लिए। चोरी के बाद उसने अपने पत्नी को बुलाया और उसे चोरी का सारा माल सौंप दिया। पत्नी ने गहने और नकदी शॉल में छुपाकर ले गई। जब ज्वैलरी शॉप मालिक ने तिजोरी खोली तो गहने और नकदी गायब थे। युवक घर में ही मौजूद था, इसलिए मालिक को उस पर शक नहीं हुआ। पुलिस ने भी शक के आधार पर युवक से पूछताछ की, तो उसने कहा- आप मेरे मालिक से ही पूछ लें। 18 साल हो गए, कभी 10 रुपए की चोरी नहीं की। फिर पुलिस ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में एक महिला को शॉल में गहने छुपाकर ले जाते देखा गया। जब पुलिस ने फुटेज दुकानदार को दिखाया, तो पता चला कि महिला उसके नौकर की पत्नी ही थी।

## हिमाचल में कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर, हरियाणा में बारिश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में ही 3 प्रमुख मैदानी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर चुका है। इससे सर्दी का असर खत्म होने लगा है। हालांकि दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, पंजाब-हरियाणा में तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

इधर, पश्चिमी हिमालय में लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है पहला 13 फरवरी और दूसरा 16 फरवरी से एक्टिव हो सकता है। इसके कारण पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम बदल सकता है।

हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में बुधवार सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। बिलासपुर में इससे विजिबिलिटी 50 मीटर और मंडी में 100 मीटर से नीचे गिर गई। जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ गई। उधर, हरियाणा के 6 से ज्यादा जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हुई। मध्य प्रदेश के 15 और राजस्थान के 7 जिलों में तापमान 30 डिग्री के पार चला गया। पिछले 24 घंटे में राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर में दोपहर में हल्के बादल छाए। चूरू, श्रीगंगानगर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई।

## सरकारी विभागों में बदलेगा भर्तियों का पैटर्न

### युवाओं को महज 6 से 8 महीने में सरकारी नौकरियां मिल सकेगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के युवाओं को अब महज 6 से आठ माह के दौरान ही सरकारी नौकरियां मिल सकेगी क्योंकि सरकारी विभागों में भर्तियों का पैटर्न बदलेगा। अब ईसीबी (कर्मचारी चयन मंडल) केवल पात्रता परीक्षा लेगा। विभाग सीधे स्कोरकार्ड से चयन करेंगे। नई व्यवस्था का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद सामान्य प्रशासन विभाग से सैद्धांतिक सहमति मिली है। अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। नई प्रणाली के



लागू होने से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में लगभग एक से डेढ़ साल का लंबा समय लगता है। नई व्यवस्था के माध्यम से यह पूरी प्रक्रिया मात्र दो से ढाई महीने में पूरी की जा सकेगी। अभ्यर्थियों को भी अलग-अलग पदों के लिए बार-बार परीक्षा देने की मशक्कत से राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, सरकारी भर्तियों के बदले इस पैटर्न से अब प्रदेश में युवाओं को महज 6 से 8 महीने में सरकारी नौकरियां मिल सकेंगी। सरकार इसके लिए जल्द ही नई व्यवस्था करने जा रही है। ये नौकरियां ईएसबी के स्कोर कार्ड के आधार पर मिलेंगी। ईएसबी इसके लिए एक मुख्य परीक्षा कराएगा। उक्त परीक्षा के बाद जारी स्कोर कार्ड दो से तीन साल के लिए वैध होगा। इसी के आधार पर संबंधित विभाग अपनी जरूरत और खाली पदों के आधार पर कम से कम समय में भर्तियां कर सकेंगे। ये स्कोर कार्ड तृतीय श्रेणी तक की भर्तियों के लिए वैध होंगे।


### सड़क पर खड़ी गाड़ी को लेकर हुआ था विवाद

# जज से बदसलूकी, बीजेपी नेता गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ देवास

देवास में न्यायाधीश से अभद्रता करने वाले बीजेपी नेता पंकज घारू को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिला प्रशासन की टीम ने शासकीय भूमि पर बने आरोपी के पोल्ट्री फार्म और घर के पास स्थित अवैध अतिक्रमण को भी गिराया है। उनके दो साथी फिलहाल फरार हैं।





**देवास में अवैध निर्माण भी गिराया, दो आरोपी फरार**


बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज घारू के खिलाफ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न बहरावत ने नाहर दरवाजा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जज ने कहा था कि देवास के जयश्री नगर में गाड़ी निकालने को लेकर पंकज घारू, भीम घारू और एक अन्य व्यक्ति ने उनसे बदसलूकी की थी।

न्यायाधीश बहरावत ने पुलिस को बताया था कि वे देवास की ग्रीन्स कॉलोनी में रहते हैं। मंगलवार को अपनी कार से अदालत जा रहे थे। इसी दौरान जयश्री नगर में पंकज घारू और उनके दो अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो सड़क के बीच खड़ी कर रखी थी। न्यायाधीश बहरावत ने गाड़ी हटाने को कहा तो आरोपियों ने उनसे बदतमीजी की।

जज ने कार्रवाई के उद्देश्य से रास्ते में खड़ी स्कॉर्पियो का फोटो लेने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें रोका। तेज आवाज में बात की। वे अपनी कार से जाने लगे तो आरोपियों ने उनकी गाड़ी का गेट नहीं खोलने दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### आरोपी की पैरवी नहीं करने का ऐलान

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपी की पैरवी कोई भी वकील नहीं करेगा। उन्होंने बकायदा संघ के सदस्यों के नाम पत्र भी जारी किया है।
तहसीलदार सपना शर्मा ने कहा- घारू ने सरकारी जमीन पर पोल्ट्री फार्म सहित अन्य अवैध निर्माण किए थे। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था।
वहीं, नाहर दरवाजा थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी की तलाश जारी है।



## खबर एक नजर...

### सायबर ठगों ने मजदूर के खाते से उड़ाये 2.57 लाख

**उज्जैन।** सायबर ठगों द्वारा ऑनलाइन मजदूर के खाते से 2.57 लाख रुपए उड़ा दिये। खाते से रुपए निकलने के बाद मजदूर ने शिकायत की, पुलिस ने डेढ़ माह बाद अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में रहने वाला दिनेश पिता बैराजी बोड़ाना मजदूरी करता है। 17 दिसंबर को उसके मोबाइल पर तीन ओटीपी आये, उसके बाद खाते से 2.57 लाख रुपए गायब हो गये। खाते से निकलते ही उसके होश उड़ गये। उसने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया और शिकायत की। डेढ़ माह बाद पुलिस ने मंगलवार देर शाम अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सायबर ठगी और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसने होम लोन लिया था। उसके बाद मोबाइल पर ओटीपी आये थे, लेकिन उसने किसी को भी ओटीपी नहीं बताया था। उसके बाद भी खाते से रुपए निकाले गये है। पुलिस को आशंका है कि या तो उसने ओटीपी बताया है या फिर ऐसी किसी लिंक पर क्लिक किया, जिसके माध्यम से सायबर ठगों ने धोखाधड़ी की है। फिलहाल पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि ठगी की राशि किस खाते में ओर कहां गई है। जिसकी जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।

### कार में रखी मिली अंग्रेजी शराब की 36 बोतल

**उज्जैन।** रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात 3.30 कार की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की 36 बोतल रखी होना पाई गई। चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ अवैध शराब मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि दशहरा मैदान में बुधवार सुबह हर्बल वन मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना था। मंगलवार-बुधवार रात में क्षेत्र में गश्त करने के साथ सर्चिंग शुरू कर दी गई थी। इस दौरान रात 3.30 बजे लगभग दशहरा मैदान सांची पाइंट के सामने कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 7848 दिखाई दी। जिसे रोका गया और चालक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम रोहित पिता सत्यनारायण सोलंकी निवासी खंडेलवाल कम्पाउंड चिमनगंज होना बताया। इतनी रात दशहरा मैदान आने का कारण पूछा गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शंका होने पर कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखी अंग्रेजी शराब सिंग्नेचर, बकार्डी ब्लैक, बकार्डी करटा, बकार्डी मेंगों की 36 बोतल रखी होना सामने आई। शहर में शराब प्रतिबंधित होने पर दस्तावेज मांगे गये, तो वह दिखा नहीं पाया। शराब अवैध होने पर कार सहित जप्त की गई और चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। चालक रोहित का कहना था कि उसने अलग-अलग दुकानों से खरीदी थी।

### कल से शुरू होगी 10वीं की परीक्षा, 12वीं के भी 5 विषयों के पेपर



**उज्जैन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी, शुक्रवार से शुरू होगी। इसी दिन 12वीं के भी पांच विषयों की परीक्षाएं होगी। कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 10 ?फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। अब 13 फरवरी को उर्दू विषय की परीक्षा के साथ कक्षा 10वीं की परीक्षा शुरू होगी। 13 ?फरवरी को ही 12वीं कक्षा में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्री फ?ार्मिंग एंड फि?शरीज, विज्ञान के तत्व और भारतीय कला का इतिहास विषयों की भी परीक्षाएं होना है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कक्षा 10वीं में उर्दू विषय के परीक्षार्थियों की संख्या बेहद कम है। इसलिए एक ?ही दिन और समय पर परीक्षा होने से समस्या नहीं आएगी। परीक्षा शेड्यूल के अनुसार बैठक व्यवस्था तय की गई है।

### देश में मैदे व परिष्कृत मैदे से बने खाद्य पदार्थों का प्रचलन बढ़ रहा

# मैदा : सफेद जहर, इससे बनाएं दूरी







**मधुमेह, उच्चरक्तचाप व मोटापा की आशंका**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आनेवाला समय स्वास्थ्य के लिए बड़ा ही खतरनाक है। देश में मैदे व परिष्कृत मैदे से बने खाद्य पदार्थों का प्रचलन बढ़ रहा है जो कई बीमारियों को पैदा कर रहा है। शरीर तंत्र का पूरा सिस्टम चरमरा रहा है जो एक अशुभ संकेत है। उक्त बात हरिद्वार से शहर में पधारी योगसाधिका देवाधिति दीदी ने एक चर्चा में कही। दीदी ने बताया कि सामान्य रेशेदार भोजन को पेट में पचने की पूर्ण प्रक्रिया दो से चार घंटे में हो जाती है जबकि मैदा से बने परिष्कृत भोजन को एक लंबा समय लगता है। ये भोजन की प्रकृति के हिसाब से लगभग 20 से 22 घंटे भी हो सकता है। रेशे के अभाव में और न पचने की स्थिति के कारण ये चिपचिपा होकर आंतों मे चिपक जाता है। ये आंतों मे चिपका होने से गंभीर समस्याओं को निर्मित करता है।



#### कब्ज, पेटदर्द व सिरदर्द का कारक

गैर रेशेदार भोजन अथार्त मैदा से बने ब्रेड, फास्टफूड जैसे पिज्जा, बर्गर, मैगी नूडल्स आदि अर्ध मिश्रित चिपचिपे पदार्थ जल्दी न पचने के परिणामस्वरूप आंतों मे जम जाते हैं तथा कब्ज, पेटदर्द, अम्लीयता, गैस, अपच व सिरदर्द जैसी व्याधियों को पैदा करते हैं।

#### मोटापा व मधुमेह गंभीर खतरा

फास्ट फूड लंबे समय तक सेवन करते रहने से उच्च शर्करा व कार्बोहाइड्रेट बढ़ जाते हैं जिससे मधुमेह (डायबिटीज), ब्लड प्रेशर व मोटापा (ओबेसिटी) की प्रायगता बहुत ज्यादा हो जाती है। समय रहते अभिभावकों को इस ओर ध्यान देना चाहिए और अपने बच्चों का खानपान उत्तम रखना चाहिए। दीदी ने कहा कि बच्चों को पोषक आहार देना चाहिए जिसमे रेशेदार पदार्थ की अधिकता हो ताकि भोजन सरलता से पच जाए। इसके लिए मोटा अनाज दलिया, ओट्स आदि का समावेश हमारे भोजन में हो तो देश के भावी नागरिक स्वस्थ रहेंगे। दीदी देवाधिति अल्प प्रवास पर शहर के एक योग प्रशिक्षक कैम्प में पधारीं और योगाचार्य सुषमा यादव के पार्श्वनाथ कालोनी स्थित निवास पर ठहरी थीं।


### महाकालेश्वर-माता पार्वती के विवाह के रिसेप्शन में जुटे भक्त

# 18 को शिप्रा तट पर होगा नगर भोज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

युवा शयन आरती भक्त परिवार की अगुवाई में महाकालेश्वर व मां पार्वती के विवाह महोत्सव का आयोजन 18 फरवरी को किया जाएगा। भक्त परिवार के सुनील सोनू राठौर के अनुसार बालाजी गार्डन, नृसिंह घाट मार्ग पर शाम 4 बजे से इसकी शुरूआत होगी।

नगर भोज का प्रथम निमंत्रण चिंतामण गजानंदजी महाराज को दिया गया। आमंत्रण पत्र में विनीत के तौर पर नंदी, मानभद्र, वीरभद्र, घंटाकरण, मणीभद्र, कीर्तिमुख, हनुमान महाराज, नाकोड़ा भैरव, दर्शनाभिलाषी में रिद्धी-सिद्धी, श्री गणेश, कार्तिकेय स्वामी, अशोक सुंदरी, नहुश, स्वागतातुर में



तैंतीस कोटि देवी-देवताओं और अवंतिका नगरवासी लिखा है। आयोजन का यह 26वां वर्ष है। आशीर्वाददाता रामनाथ जी महाराज, मठाधीश भर्तृहरि गुफा, राज्य सभा सदस्य उमेशनाथजी महाराज, महामंडलेश्वर ज्ञानदासजी महाराज, महावीरनाथ महाराज, महंत ऋणमुक्तेश्वर महादेव, शांतानंद महाराज, महंत राघवेंद्रदास महाराज गौशाला नवाखेड़ा रहेंगे।

भक्तों के लिए तरह-तरह की मिठाई, नमकीन रहेंगे नगर भोज में आने वाले भक्तों के लिए तरह-तरह की मिठाई, नमकीन बनाए जाएंगे। इसके लिए टीम ने तैयारी की है। सदस्यों का कहना है कि स्टॉल लगाकर भोजन प्रसादी दी जाएगी। इसके अलावा शाम से देर रात तक भजन-कीर्तन और नृत्य का दौर भी जारी रहेगा। आयोजन स्थन पर झांकियां भी सजाई जाएंगी। जिसमें महाकालेश्वर को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे।

# कार तेज गति से टकराई, ट्रैक्टर दो टुकड़े में बंटा, कोई जनहानि नहीं हुई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महिदपुर में हुई एक घटना किसी चमत्कार से कम नहीं है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार एक कार ने ट्रैक्टर को ऐसी टक्कर मारी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए, लेकिन उसमें मौजूद दो लोग सुरक्षित ट्रैक्टर से बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर उज्जैन से 60 किमी दूर महिदपुर के में करीब 11:43 बजे काजीखेड़ी स्थित पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर और एसयूवी कार की आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया और



उसका अगला हिस्सा पूरी तरह अलग हो गया। वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक के हाथ-पैर में चोट आई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल चालक को इलाज के लिए उज्जैन ले जाया गया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### उज्जैन को इंदौर और जावरा को जोड़ने वाले दोनों ग्रीन फील्ड रोड का मसला अब तक नहीं सुलझा

# प्रभावितों ने 25 से आंदोलन का अल्टीमेटम दिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन को इंदौर और जावरा को जोड़ने वाले दोनों ग्रीन फील्ड रोड का मसला अब तक नहीं सुलझा। उज्जैन-जावरा रोड प्रभावितों को जनवरी अंत तक जमीन व सड़क की स्थिति स्पष्ट करने का वादा भी अधूरा रह गया।

इसी बीच उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड से प्रभावित किसानों ने 25 फरवरी से उज्जैन में धरने की चेतावनी दे डाली। इसमें प्रशासन के लिए सबसे दुविधा वाली बात यह हैं कि उज्जैन-इंदौर से दोनों जिले के प्रभावित सभी 28 गावों के किसान उज्जैन में ही धरना देंगे। वहीं उज्जैन-जावरा रोड से प्रभावित 62 गांव के किसान भी इनके समर्थन में उज्जैन



जुटेंगे। यानी 90 गांवों के किसान धरने पर बैठने की तैयारी में है। इसको लेकर प्रभावित गांवों की मिलकर बनाई किसान संघर्ष समितियों ने तैयारी शुरू कर दी है। हर गांव में बैठक रखकर आंदोलन की रूपरेखा बना रहे है।

स्थानीय अफसरों ने भी अब इस मामले को उच्च स्तर का मानते हुए निर्णय भोपाल के अफसरों का हवाला देते हुए हाथ खड़े करना शुरू कर दिए। किसानों की मांग है कि हाइवे नार्मल बनाए और बाजार मूल्य से जमीन का मुआवजा दिया जाए। उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड रोड से प्रभावित 28 गांवों के किसान उज्जैन में ही प्रदर्शन करेंगे। दोनों जिले की संयुक्त बैठक भी हो गई। किसानों ने 25 फरवरी से उज्जैन कलेक्टोरेट के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। उज्जैन-जावरा प्रभावितों ने भी इन्हें समर्थन देने का भरोसा दिलाया है।

भोपाल घेरा तो डबल सर्वे, फिर भी निर्णय नहीं उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड हाईवे के विरोध में प्रभावित 62 गांवों के लोगों ने जनवरी में एमपीआरडीसी भोपाल का घेराव किया। उस समय अफसरों ने फिर से सर्वे करवाकर एक्सिस कंट्रोल की जरूरत परखने का भरोसा दिलाया। सर्वे होकर रिपोर्ट भी भोपाल पहुंच गई, लेकिन अफसर अब तक इसका निर्णय नहीं ले सके। अफसरों की लेतलाली को देख किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड प्रभावितों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से आंदोलन शुरू हो गया तो अफसरों की मुश्किलें बढ़ जाएगी।

#### शासन स्तर से ही होगा निर्णय

उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड एक्सिस कंट्रोल रोड के मामले में फिर से ट्रैफिक सर्वे करवा लिया है। रिपोर्ट भी मुख्यालय भेज दी है। इस मामले में शासन स्तर से ही निर्णय लिया जाएगा।

विजय सिंह, संभागीय प्रबंधक
एमपीआरडीसी उज्जैन

उज्जैन
गुरुवार
12
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥

**अर्थः** अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

## खबर एक नजर...

### व्यापारी ने खाया जहर वीडियो में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों पर लगाए आरोप

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यापारी ने बुधवार रात जहर खा लिया। जहर खाने से पहले उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। परिजन उसे मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। चंदन नगर निवासी मोहम्मद मोसीन पुत्र मोहम्मद अशरफ के मोबाइल से एक वीडियो मिला है। वीडियो में उसने कड़ाव घाट, बंबई बाजार निवासी मुन्ना दूधवाले, अकरम और शकील चौधरी को जिम्मेदार बताया है। उसने अपनी जान को खतरा होने की बात कही है। वीडियो में मोसीन ने कहा कि उसने 2023-24 के बीच व्यापार के सिलसिले में करीब 10 लाख रुपए ब्याज पर लिए थे। इसके बदले उससे हर सप्ताह 65 हजार रुपए ब्याज लिया जाता था। उसने दावा किया कि अब तक वह 60 से 70 लाख रुपये चुका चुका है। मोसीन ने बताया कि आरोपियों के पास उसके मकान की रजिस्ट्री और करीब 30 चेक रखे हैं। वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया। अतिरिक्त रुपये मांगने की बात भी कही गई है। मामले को लेकर मोसीन ने छह फरवरी को पंढरीनाथ थाने में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में लेनदेन और दस्तावेज लौटाने की मांग का उल्लेख किया गया था। चंदन नगर पुलिस बुधवार रात अस्पताल पहुंची थी। आईसीयू में भर्ती होने के कारण मोसीन के बयान नहीं हो सके। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं।

### इंदौर के 22 पार्षद पहुंचे विशाखापट्टनम, स्वच्छता के प्रोजेक्ट और नवाचारों पर करेंगे स्टडी

**इंदौर।** नगर निगम से 22 पार्षदों का दल बुधवार को विशाखापट्टनम पहुंचा। सभी पार्षद आज से 3 दिनों तक विशाखापट्टनम में स्वच्छता को लेकर चल रहे प्रोजेक्ट और नवाचारों का सूक्ष्मता से अध्ययन करेंगे। पार्षद दल द्वारा इंदौर में चल रहे स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता मॉडल के संबंध में विशाखापट्टनम नगरीय निकाय को जानकारी दी जाएगी। इंदौर के पार्षद दल के विशाखापट्टनम पहुंचने पर अपर आयुक्त ने अपने अधिकारियों के साथ इंदौर पार्षद दल का स्वागत किया गया। इस दौरान इंदौर पार्षद द्वारा निगम के स्वच्छता मॉडल एव निगम के कार्यों की जानकारी दी। इंदौर से आए पार्षद दल के सभी सदस्य विशाखापट्टनम के अधिकारियों के साथ आगामी तीन दिन के शैक्षणिक कार्यक्रम व अन्य दौरों में भाग लेंगे। पूर्व में भी दो अलग-अलग पार्षद दल द्वारा नवी मुंबई और सूरत का भ्रमण किया था।

### साइलेंट अटैक से युवक की मौत, अचानक गश खाकर गिरा, पुलिस ने कराया पीएम

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक युवक की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। मंगलवार को वह काम के दौरान अचानक गश खाकर गिर गए थे। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक मृतक दीपक पुत्र हरीसिंह ठाकुर निवासी भागीरथ पुरा है। दीपक को मंगलवार को घर के यहां साइलैट अटैक आ गया। उसे उपचार के लिए परिजन बीमा अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीपक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराया है। बाणगंगा इलाके में रहने वाले कृष्णा पुत्र महेश निवासी गोविंद कॉलोनी ने मंगलवार रात खुद को चाकू मार लिए थे। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए एमवायएच लेकर आए। यहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक कृष्णा ने नशे में होने के चलते यह घटना की है। अभी उसके बयान नहीं हो पाए है।

### अशोकनगर में यूट्यूब से सीखा नशा बनाना, बीजेपी उपाध्यक्ष लिखी कार से करते थे सप्लाई

# गेहूं-आटे का कारोबार फेल हुआ तो डाली ड्रग्स फैक्ट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



अशोकनगर में गेहूं और आटे के व्यापार में घाटा हुआ तो व्यापारी ने एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री डाल दी। उसने ड्रग बनाने का तरीका यूट्यूब से सीखा। इसके लिए कच्चा माल इंदौर से मंगाता था।

वहीं से मिले इनपुट के आधार पर इंदौर नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की 15 सदस्यीय टीम सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे अशोकनगर में चंदेरी इलाके के कडराना गांव पहुंची। घेराबंदी करके मुख्य आरोपी प्रियांशु जैन उर्फ शानू मोदी और राघवेंद्र परमार को गिरफ्तार कर लिया।

नारकोटिक्स विभाग की 15 सदस्यीय टीम ने जिस वक्त दबिश दी, प्रियांशु (31) निवासी हाट का पुरा, चंदेरी और राघवेंद्र परमार (38) निवासी कडराना केमिकल से ड्रग तैयार कर रहे थे। उन्होंने राघवेंद्र के घर में ही लैब बना रखी थी।

टीम ने मौके से एक किलो से ज्यादा एमडी, ड्रग बनाने के उपकरण, एक कार और अवैध पिस्टल बरामद की है। इस पूरे माल की कीमत करीब दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने प्रियांशु की जो कार जब्त की है, उस पर भाजपा का सिंबल और भाजपा युवा मोर्चा चंदेरी उपाध्यक्ष लिखा है। आरोपी इसी कार से ड्रग्स सप्लाई करते थे।

प्रियांशु का भाई हिमांशु चंदेरी में होने वाली फिल्मों की शूटिंग के दौरान मैनेजमेंट का काम करता है। वह सेटअप जमाने, खाने-पीने का सामान पहुंचाने, भीड़ इकट्ठा करने जैसे काम संभालता है।

### कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल खंगाल रही टीम

- दरअसल, नारकोटिक्स विभाग को इंदौर में पकड़े गए एक नशेड़ी ने बताया था कि ड्रग चंदेरी से सप्लाई हो रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने पूछताछ में मध्य प्रदेश के बड़े शहरों के साथ अन्य राज्यों में भी ड्रग सप्लाई करने की बात मानी है। टीम अब उनके मोबाइल कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर ग्राहकों और सप्लायर की तलाश कर रही है।



- प्रियांशु ने नारकोटिक्स की टीम को बताया कि पहले उसका गेहूं और आटे का बड़ा व्यापार था, जो कई राज्यों में फैला था। दो बड़ी पार्टियों द्वारा पैसे हड़प लिए जाने के बाद वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इससे उबरने और पैसा कमाने के लिए उसने ड्रग बनाने का काम शुरू कर दिया। तैयार माल इंदौर, भोपाल समेत बड़े शहरों में भेजा जाता था। कुछ ग्राहक सीधे गांव पहुंचकर भी ड्रग लेते थे।

### भाजपा अध्यक्ष बोले- ऐसा कोई व्यक्ति पार्टी से नहीं जुड़ा

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि प्रियांशु जैन नाम का कोई भी व्यक्ति पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं है। अक्सर लोग पुलिस की जांच से बचने के लिए अपनी गाड़ियों पर फर्जी तरीके से राजनीतिक पार्टियों के नाम लिखवा लेते हैं।

# निजीकरण और श्रम नीतियों के विरोध में आज आंदोलन

### गांधी हॉल में जुटेंगे कर्मचारी-अधिकारी, बैंकिंग सेवाएं होंगी प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और अन्य संगठनों के आह्वान पर 12 फरवरी को आंदोलन किया जाएगा। इंदौर के सभी बैंक कर्मचारी और अधिकारी अभिनव कला समाज, गांधी हॉल में विशाल प्रदर्शन और आम सभा करेंगे। इससे पहले बुधवार शाम शहर में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की श्रमिक-विरोधी और जन-विरोधी नीतियों का विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम संहिताओं के जरिए संगठित होने, सामूहिक सौदेबाजी और हड़ताल के अधिकारों पर प्रहार किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के निजीकरण, कर्मचारियों की कमी, बढ़ती आउटसोर्सिंग, पुरानी पेंशन योजना समाप्त करने और आम लोगों पर बढ़ते सेवा शुल्क का भी विरोध किया गया। प्रदर्शन को मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के चेयरमैन मोहन कृष्ण शुक्ला और एमपी बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अरविंद पोरवाल ने संबोधित किया। संचालन ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के सह-कोषाध्यक्ष नवीन मोदी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पंकज पांढरे ने व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि ये नीतियां केवल बैंक कर्मचारियों के अधिकारों को ही प्रभावित नहीं कर रहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की स्थिरता के लिए भी चुनौती हैं। उन्होंने सभी बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों से 12 फरवरी की हड़ताल में सक्रिय और पूर्ण भागीदारी का आह्वान किया। इंटक के अध्यक्ष श्याम संदर यादव ने बताया कि इस आंदोलन को 10 ट्रेड यूनियन और 18 फेडरेशन का समर्थन है। हमें कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। वहीं भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में हिस्सा नहीं लेगा। 12 फरवरी को हम सांकेतिक आंदोलन करेंगे। सरकार ने श्रम कानूनों को लेकर हमारी मांगें नहीं मानी तो अगले चरण में हम उग्र आंदोलन करेंगे।

# खेल के दौरान विवाद में दोस्त को धक्का दिया कुएं में गिरने से मौत


ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में खजराना पुलिस ने एक नाबालिग की मौत के मामले में उसके दो नाबालिग दोस्तों के खिलाफ धमकाने, मारपीट और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि खेल के दौरान विवाद होने पर दोस्तों ने उसे धक्का दिया, जिससे वह कुएं में गिर गया। पूछताछ में आरोपियों ने पूरी घटना कबूल की।

टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, पटेल नगर निवासी समीर राठौर का शव 6 फरवरी को पुष्प विहार कॉलोनी स्थित एक कुएं में मिला था। परिजनों ने बताया था कि वह दोस्तों के साथ खेलने गया था। शुरूआती पूछताछ में दोनों नाबालिग साथ होने से इनकार करते रहे, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर सच सामने आ गया। आरोपियों ने बताया कि घटना वाले दिन कहासुनी के दौरान उन्होंने समीर को अपशब्द कहे और धक्का दे दिया, जिससे वह गहरे कुएं में गिर गया। डर के कारण दोनों उसे वहीं छोड़कर घर चले गए और किसी को जानकारी नहीं दी। रात में परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। अगले दिन समीर का शव कुएं से बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया है।

# इंदौर एयरपोर्ट से समर शेड्यूल में बड़ा झटका, नासिक और उदयपुर की सीधी उड़ानें बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से यात्रियों को समर शेड्यूल में इस बार दोहरा झटका लगने जा रहा है। जहां एक ओर नासिक और उदयपुर की मौजूदा सीधी उड़ानें बंद की जा रही हैं, वहीं केवल एक नए शहर के लिए सीधी सेवा शुरू होने की तैयारी है।

एयरलाइंस की बुकिंग वेबसाइट्स पर अप्रैल से नासिक और उदयपुर के लिए कोई सीधी फ्लाइट उपलब्ध नहीं दिख रही है। फिलहाल नासिक के लिए सप्ताह में तीन दिन और उदयपुर के लिए चार दिन उड़ानें संचालित हो रही हैं, लेकिन 27-28 मार्च के बाद इन रूट्स पर बुकिंग बंद हो चुकी है।

डीजीसीए द्वारा जारी प्रस्तावित समर शेड्यूल (29 मार्च से लागू) में भी इन शहरों का उल्लेख नहीं है, जिससे इन उड़ानों का बंद होना तय माना जा रहा है। ट्रैवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में जोधपुर-उदयपुर जैसे पर्यटन स्थलों की मांग घट जाती है। इसी कारण एयरलाइंस समर सीजन में इन रूट्स पर उड़ानें कम या बंद कर देती हैं और विंटर शेड्यूल में दोबारा शुरू करती हैं।

पिछले कुछ वर्षों में इंदौर से शुरू हुई कई सीधी उड़ानें बाद में बंद हो चुकी हैं। इनमें वाराणसी, प्रयागराज, शिर्डी, जोधपुर और राजकोट शामिल हैं। आरसीएस योजना के तहत शुरू हुई बेलागावी और किशनगढ़ की उड़ानें भी बंद हो गईं। गाजियाबाद रूट का संचालन भी फिलहाल नहीं हो रहा है।

ट्रैवल एक्सपर्ट्स का मानना है कि अप्रैल से इंदौर एयरपोर्ट के 24 घंटे संचालन शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार आ सकता है। वर्तमान में रनवे रात 10:30 बजे से सुबह 6:30 बजे तक बंद रहता है, जिससे उड़ानें सीमित रहती हैं। रनवे पूरी तरह चालू होने पर एयरलाइंस को नए स्लॉट मिलेंगे और नए रूट शुरू होने की संभावना बढ़ेगी।

**जलगांव और हैदराबाद के लिए नई उड़ानें-** इंदौर से पहली बार फ्लाई 91 एयरलाइंस जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ानें शुरू करने जा रही है। इसके लिए कंपनी के अधिकारी गुरुवार को इंदौर आ रहे हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि फ्लाई 91 केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत कई शहरों के बीच सेवाएं संचालित कर रही है। कंपनी ने इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ानों की घोषणा अपनी वेबसाइट पर भी कर दी है। संभावना है कि मार्च मध्य या अप्रैल से समर शेड्यूल में इन उड़ानों का संचालन शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**पहली बार हवाई मार्ग से जुड़ेगा जलगांव-** फ्लाई 91 की सेवा शुरू होने से इंदौर पहली बार जलगांव से हवाई मार्ग से जुड़ेगा। इस रूट पर लंबे समय से सीधी उड़ान की मांग की जा रही थी। नई फ्लाइट से यात्रियों को सुविधा मिलेगी। हाल ही में इंडिगो ने समर शेड्यूल में इंदौर-नासिक उड़ान बंद करने की घोषणा की है। ऐसे में जलगांव की नई फ्लाइट से महाराष्ट्र के लिए एक नया कनेक्शन मिलेगा। वहीं हैदराबाद के लिए अतिरिक्त विकल्प भी यात्रियों को उपलब्ध होगा।

## खबर एक नजर...

### निजीकरण के विरोध में थमेगा बीमा कंपनियों का कामकाज, एलआईसी दफ्तरों में लटकेंगे ताले

**उज्जैन।** केंद्र सरकार की निजीकरण, विनिवेश और कथित श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ बीमा क्षेत्र के कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघों के संयुक्त आह्वान पर आज 12 फरवरी गुरुवार को भारतीय जीवन बीमा निगम और सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य बीमा कंपनियों के कर्मचारी एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे।

इस हड़ताल का व्यापक असर उज्जैन संभाग में भी देखने को मिलेगा। इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, उज्जैन शाखा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गुरुवार को सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्य से विरत रहेंगे, जिससे बीमा कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहने की संभावना है।

यूनियन के नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियां न केवल कर्मचारियों, बल्कि करोड़ों पॉलिसीधारकों और लाखों अभिकताओं के हितों के खिलाफ हैं।

#### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

विनिवेश पर रोकः एलआईसी और सरकारी बीमा कंपनियों में विनिवेश की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए।

एफडीआई का विरोधः बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति वापस ली जाए।

नई भर्तियां: आउटसोर्सिंग बंद कर रिक्त पदों पर पक्की और स्थायी भर्तियां की जाएं।

श्रम कानूनः श्रम कानूनों में किए जा रहे कर्मचारी विरोधी संशोधनों को रद्द किया जाए।

#### शाखाओं के बाहर होगा प्रदर्शन

प्रशांत सोहले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उज्जैन में हड़ताल को सफल बनाने के लिए अनिल कुरेल, कुलदीप सिंह और दीपिका सक्सेना ने सभी साथियों से एकजुट होने का आह्वान किया है। यूनियन का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें कमजोर करना आम जनता की सामाजिक सुरक्षा पर सीधा हमला है। हड़ताल के दौरान शाखाओं के बाहर प्रदर्शन और सभाएं आयोजित कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड स्थित बालाजी टाइल्स, नीमनवासा चकोर पार्क में मंगलवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

कथा व्यास पंडित अजय शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का आयोजन 11 फरवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस मीरा माधव मंदिर से बालाजी टाइल्स कंपाउंड तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह रहवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने सिर पर मंगल कलश धारण कर सहभागिता की।

### शिवरात्रि पर होगी शिवलिंग की स्थापना

पंडित तिवारी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि व्यास पीठ से कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित की कथा और तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

विशेष रूप से 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का आयोजन होगा। इसी दिन बालाजी टाइल्स के संजय पंवार एवं पंवार परिवार द्वारा शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा (स्थापना) की जाएगी। 16 फरवरी को रुक्मणी विवाह और 17 फरवरी को कथा के समापन पर महाप्रसादी का विशाल आयोजन होगा।

### श्रद्धालुओं की रही विशेष उपस्थिति

बालाजी टाइल्स एवं पंवार परिवार द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन क्षेत्र का माहौल पूरी तरह धर्ममय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से कैलाश पंवार, रमेश पंवार, प्रकाश पंवार, राजमल पंवार, संजय पंवार सहित समस्त बालाजी टाइल्स पंवार परिवार और मित्र मंडल उपस्थित रहा।

# हिरदेश्वर महादेव मंदिर में प्रारंभ हुआ श्री शिव-शक्ति महायज्ञ, महाशिवरात्रि पर होगी पूर्णाहुति

### पंचकोशी यात्रा के पड़ाव स्थल पर चल रहा 10 दिवसीय महोत्सव; शिव महापुराण और रामकथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर (पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव) में चल रहे 10 दिवसीय शिखर कलश स्थापना महोत्सव के अंतर्गत बुधवार, 11 फरवरी से श्री शिव-शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होगी।

### त्रिवेणी संगम में गोते लगा रहे भक्त

युवा मंच सत्संग समिति के अनुसार, मंदिर परिसर में ज्ञान और भक्ति की त्रिवेणी बह रही है। भाई जी प्रदीप जी महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीश्री 1008 भागवतानंद गिरि जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा सुनाई जा रही है। प्रतिदिन आरती के बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है।



### संतों और समाज के वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

कथा के चौथे दिवस की आरती के दौरान अखिल भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर परमार और समाज के वरिष्ठजनों ने व्यास पीठ पर विराजित महाराज श्री का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा भी संतों और मंच के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

**सहयोग राशि भेंट की-** अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हुए श्रीमती चंद्रकला शर्मा द्वारा 25,000 रुपये की राशि भेंट की गई। मंदिर समिति ने उनके इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

## कोडिंग में कमाल : उत्कृष्ट विद्यालय के दो छात्रों को मुख्यमंत्री ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधव नगर के विद्यार्थियों ने तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रोजेक्ट स्वाध्याय के अंतर्गत संचालित कोड योगी प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के दो छात्रों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

कालिदास अकादमी में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यालय के छात्र अवधेश शर्मा और अश्वनी ठाकुर को लैपटॉप प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने कोड योगी के तहत कंप्यूटर कोडिंग में कठिन माने जाने वाले 50 से अधिक स्टेज (चरण) सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। शासन ने उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें लैपटॉप पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि बच्चे अब पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल में भी निपुण हो रहे हैं। इस उपलब्धि में स्कूल के स्वाध्याय प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी श्री गौतम दीक्षित का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य और नोडल अधिकारी भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के साथ शुरू हुआ खेल उत्सव

### ऊर्जा और उत्साह का जीवन उत्सव है खेल- डॉ. वंदना गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री घनेंद्र चौधरी के नेतृत्व एवं संयोजन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात मार्च पास्ट, राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के उपरांत मुख्य अतिथि उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल द्वारा खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक उद्घोषणा की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल भावना और मैदान पर निरंतर अभ्यास ही वास्तविक विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। शासकीय महाविद्यालय उन्हेल के क्रीड़ा अधिकारी श्री आर. के. कौरव ने झगुजरा हुआ जमाना आता नहीं दोबारा गीत की पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करते हुए छात्र जीवन के प्रत्येक अवसर का भरपूर लाभ उठाने का संदेश दिया। शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की क्रीड़ा अधिकारी सुश्री संगीता कार्लेकर ने कहा कि वार्षिक खेल उत्सव छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मबल का विकास करते हैं। उन्होंने प्रेरणादायी पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा- धूप में निकलो, घटाओं में नहाकर देखो, जिंदगी क्या है, किताबों को हटाकर देखो। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दौड़, बैडमिंटन, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, गोला फेंक, कबड्डी, पिट्ठू तथा पुशअप सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन समारोह में जिम्नास्ट श्री सुपेकर, सम्राट् विक्रम विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र चावरे, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह, शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पौराणिक, माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री सुपेकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ शारीरिक परिश्रम की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. वीरेंद्र चावरे ने कहा कि यही सीखने की आयु है और इस समय अर्जित अनुभव जीवन भर उपयोगी सिद्ध होते हैं। डॉ. कल्पना सिंह ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र जीवन का अनुशासन और युवाशक्ति समाज परिवर्तन की सशक्त क्षमता रखती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संस्थान की एकता, ऊर्जा और उत्साह का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा कि खेल जीतने के लिए ही नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए भी खेले जाने चाहिएक्जीत पर पदक मिलता है और हार पर अनुभव, जो जीवन में सदैव सहायक होता है।

कार्यक्रम में टीम धुरंधर, टीम वॉरियर एवं टीम अभ्युदय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में सभी विजेता छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## खबर एक नजर...

### नगर पालिका का विशेष अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

नगर पालिका परिषद बड़नगर की टीम ने बुधवार को भी नगर के विभिन्न मार्गों, बाजारों क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में व्यापक अभियान चलाते हुए विचरण कर रहे आवारा 10 गौवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा। नगर पालिका टीम अभी तक 28 गौवंश को ग्राम पंचायत रणवा स्थित श्री राम राज्य गौपाल गौशाला में छोड़ा जा चुका है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने कहा कि पशु पलक अपने पालतू पशुओं को खुला न छोड़ें। आवारा पशुओं की वजह से न केवल दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती हैं, बल्कि सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वहीं नगर पालिका की टीम लगातार ऐसे अभियानों को जारी रखेगी ताकि बड़नगर शहर साफ-सुथरा, सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे और सुगम यातायात व्यवस्था भी बनी रहे। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साझा जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें तथा पशुओं को खुले में छोड़ने से बचें।

### गाड़ी अड्डा से मक्सी रोड: 80 फीट सड़क की जरूरत नहीं

**उज्जैन।** गाड़ी अड्डा से लेकर मक्सी रोड बायपास तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। नगर निगम द्वारा वर्तमान 20 फीट की सड़क को 80 फीट (24 मीटर) चौड़ा करने की कवायद पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घनी बस्ती के बीच 80 फीट रोड की कोई आवश्यकता नहीं है, इससे सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे। रवि राय ने प्रशासन को सुझाव दिया कि यदि सड़क चौड़ी करनी ही है, तो गरीबों के आशियाने तोड़ने की बजाय पास ही स्थित हीरा मिल की शासकीय भूमि का उपयोग किया जाए।

# नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

## उज्जैन नगर, ग्रामीण एवं महिदपुर ब्लॉक के बाद अब तराना में भी आयोजित होंगे शिविर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो संदेश जारी कर अभियान की प्रशंसा की एवं लाभ लेने का किया आव्हान

### आज वार्ड 8 स्थित ग्यास का वाड़ा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में शिविर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान निरंतर जारी है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो संदेश जारी कर इस अभियान की प्रशंसा की एवं उज्जैन जिले के नागरिकों से शिविरों का लाभ लेने की अपील कर जिले को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने का संकल्प दोहराया।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया उपरोक्त अभियान निरंतर जारी है। अभियान में जनता जनार्दन का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। जो उज्जैन को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने के संकल्प को मजबूत कर रहा है, इसी कड़ी में 10 फरवरी तक आयोजित शिविरों की समीक्षा उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो संदेश जारी कर संपूर्ण आयोजन और अभियान की प्रशंसा करते हुए उज्जैन जिले के नागरिकों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है एवं उज्जैन को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने का संकल्प दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो संदेश में कहा कि स्वास्थ्य रहेगा तो जीवन रहेगा। इसलिए उज्जैन जिले का प्रत्येक नागरिक इन शिविरों के माध्यम से अपने हृदय की जांच कराये।

### थाना बडनगर पुलिस द्वारा अवैध रूप से एक लोहे का खटकेदार धारदार चाकू लहराते हुए किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले में अपराधियों की धरपकड हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर के थाना प्रभारी बडनगर निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम व्दारा 9 फरवरी को आरोपी देवीसिंह पिता रमेश उम्र 43 साल जाति चर्मकार निवासी ग्राम लोहाना को पकडा गया । थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि देहात भ्रमण करते मुखबिर व्दारा सुचना मिली की जागीदार के खेत के पास पुराना रास्ते उमरिया केसुर रोड़ बड़नगर पर एक व्यक्ति अपने हाथ मे लोहे का खटकेदार धारदार चाकू लिये आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है । मुखबिर द्वारा बताये स्थान पँहुचा जहाँ रोड पर खडा होकर एक व्यक्ति अपने हाथ में एक लोहे का धारदार खटकेदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था । जिसे पंचानो की मदद घेराबंदी कर पकडा व एक लोहे का खटकेदार धारदार चाकू पुलिस कब्जे में लेकर उसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम देवीसिंह पिता रमेश उम्र 43 साल जाति चर्मकार निवासी ग्राम लोहाना का होना बताया आरोपी का कृत्य धारा- 25 आर्म्स एक्ट का दंडनीय पाया जाने से आरोपी देवीसिंह के कब्जे से एक लोहे का खटकेदार धारदार चाकू जप्त किया गया।

# डॉ. चौधरी राष्ट्र हिंदी रत्न से सम्मानित

### माँ शारदा साहित्यिक मंच के कवितांजलि महोत्सव में 75 कवियों ने बांधी समां, डॉ. दीप्ति गुप्ता की पुस्तक का विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं उज्जैन के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रभु चौधरी को उनकी हिंदी सेवा के लिए इंदौर में प्रतिष्ठित ह्नराष्ट्र हिंदी रत्न सम्मानह्न से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें माँ शारदा साहित्यिक मंच, भोपाल द्वारा इंदौर में आयोजित भव्य ह्नकवितांजलि महोत्सवह्न के दौरान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि श्री सत्यनारायण सत्तन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री डॉ. अरविंद जवलेकर ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी परिवार इंदौर के अध्यक्ष श्री हरे राम बाजपेई उपस्थित थे। अतिथियों ने डॉ. चौधरी को शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित कवितांजलि महोत्सव में साहित्य की विभिन्न विधाओं का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में 75 कवि और कवियत्रियों ने लगातार 4 घंटे तक अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस दौरान ओज, वात्सल्य, श्रृंगार और हास्य रस की कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस गरिमामय आयोजन के दौरान डॉ. दीप्ति गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक ह्नवे आँखेंह्न का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह का सफल और मनमोहक संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता एवं डॉ. तृप्ति शाह ने किया।

डॉ प्रभु चौधरी को राष्ट्रीय हिंदी रत्न सम्मान प्राप्त होने पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार भार्गव, डॉ. अनसूया अग्रवाल, डॉ शेहनाज शेख, सुवर्णा जाधव, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. हरीश सिंह, सुंदरलाल जोशी, डॉ. रश्मि चौबे, बृज किशोर शर्मा, डॉ. जीडी अग्रवाल, अनिल ओझा, हरेराम बाजपेई, डॉ. अरुण सराफ, डॉ. कृष्ण जोशी, डॉ. शीला चंदन, सुंदरलाल मालवीय, डॉ मधु लता शर्मा, डॉ. अनीता तिवारी, संगीता केसवानी, अनीता भाटी, पूजा शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी।

# किसान की बेटी ने इंदौर में लहराया परचम, बीकॉम में उत्कृष्ट अंकों से किया महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

खरसोद कला ग्रामीण अंचल की होनहार छात्रा एवं किसान परिवार की बेटी कोमल विक्रम पाटीदार ने इंदौर में आयोजित विश्वविद्यालयीन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। कोमल ने श्री उमिया कन्या महाविद्यालय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से बी.कॉम प्लेन में 8.42 सीजीपीए अंक प्राप्त कर महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली कोमल ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह सफलता अर्जित की।

उनकी इस उपलब्धि पर श्री अंबिका पाटीदार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट उमियाधाम रंगवासा इंदौर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार एवं सचिव द्वारकाप्रसाद मंडले ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। कोमल की सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज हमेशा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है कोमल की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### पानदरीबा स्थित गणपति मंदिर में हुआ आयोजन, छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु का किया पुण्य स्मरण

# समर्थ गुरु रामदास नवमी पर निकली भव्य पालकी यात्रा, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के पानदरीबा स्थित श्री गणपति मंदिर में बुधवार को समर्थ गुरु रामदास नवमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री समर्थ सेवा मंडल, पानदरीबा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु समर्थ रामदास स्वामी का पुण्य स्मरण किया गया।

संस्था प्रमुख दिनकर तेलंग ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ कृष्ण नवमी के अवसर पर बुधवार सुबह 9:30 बजे मंदिर प्रांगण से समर्थ रामदास स्वामी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी में स्वामी जी की प्रतिमा और पादुकाओं के पूजन के बाद नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पंकज चांदोरकर, रविंद्र मूले, मिलिंद पन्हालकर, निलेश फड़नीस, श्री पागे (जम्बो दादा) सहित बड़ी संख्या में समाजजन और भक्त शामिल हुए।

मिलिंद पन्हालकर एवं निलेश फड़नीस ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत शाम 7 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में श्री समर्थ सेवा मंडल के सदस्यों सहित क्षेत्रीय रहवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान समर्थ गुरु रामदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्वराज्य और धर्म रक्षा की प्रेरणा दी थी। स्वामी जी का मानना था कि स्वस्थ शरीर से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है, इसलिए उन्होंने युवाओं को व्यायाम और हनुमान जी की उपासना का संदेश दिया। उन्होंने दासबोध और मनाचे श्लोक जैसे ग्रंथों की रचना कर समाज को नई दिशा दी थी। माघ कृष्ण नवमी को ही उन्होंने सज्जनगढ़ (महाराष्ट्र) में समाधि ली थी, जिसे दास नवमी के रूप में मनाया जाता है।

# अंतर रेलवे जिम्नास्टिक में उज्जैन के कृष्ण कुमार ने जीता कांस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोलकाता में आयोजित 54वीं अंतर रेलवे महिला एवं पुरुष जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की टीम ने एक कांस्य पदक हासिल किया है। यह उपलब्धि उज्जैन के खिलाड़ी ने दिलाई है। पश्चिम रेलवे के उज्जैन में कार्यरत सीसीटीसी (सीसीटीसी) कृष्ण कुमार ने हाई बार इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही, भारतीय रेलवे टीम के आगामी राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता के लिए लगने वाले प्रशिक्षण शिविर हेतु उज्जैन के दो खिलाड़ियों- कृष्ण कुमार और वैभव चोरषिया (सीसीटीसी उज्जैन) का चयन किया गया है। टीम के मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार सोलंकी और सहायक प्रशिक्षक अविनाश श्रीवास थे। इस उपलब्धि पर प.रे. स्पोर्ट्स एसोसिएशन के ओएसडी एवं ओलंपियन पप्पू यादव, उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के आर.एल. वर्मा, ओ.पी. शर्मा, मनोहर शर्मा, संजय जौहरी आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 12 फरवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### महाशिवरात्रि पर लोक गायन-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**मन्दसौर।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन मंदसौर द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में लोक गायन, शिव केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। महोत्सव में पहली प्रस्तुति इंदौर के मुकेश चौहान एवं साथी कलाकारों के लोक गायन की होगी।

### सड़क दुर्घटना में दम्पत्ति घायल

**मन्दसौर।** मंदसौर सीतामऊ रोड़ अरनिया निजामुद्दीन की पुलिया से पहले हुई सड़क दुर्घटना में एक दम्पत्ति घायल हो गये। पुलिस ने इस प्रकरण में मोटरसाइकिल क्र. आरजे 35 एसक्यू 3753 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा की रिपोर्ट मंदसौर नईआबादी थाने पर रवि निवासी खानखेड़ी थाना कुकड़ेश्वर की है कि आरोपी ने वाहन को तेज चलाकर फरियादी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

# निगम कर्मचारियों द्वारा दिव्यांग और महिला वेंडर्स से मारपीट मामले में सीएम को सौंपा ज्ञापन

## झूठे केस वापस लेने और बेदखली रोकने के लिए वेंडर्स ने सीएम से लगाई गुहार

### बिना पुनर्वास बेदखली गैर-कानूनी : हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने की कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन के हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल ने नगर निगम के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन आगमन पर उन्हें ज्ञापन सौंपा। संघ का आरोप है कि निगम के कर्मचारियों ने दिव्यांग और महिला पथ विक्रेताओं के साथ मारपीट की है और उनके खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज कराए हैं। वेंडर्स ने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने, झूठे केस वापस लेने और स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है।

ज्ञापन के अनुसार, घटना 5 और 6 फरवरी की है। 5 फरवरी को बिना किसी ह्लसिजर मेमोह्ल के वेंडर्स का सामान जब्त कर लिया गया था। जब 6 फरवरी को वेंडर अपना सामान लेने पहुंचे, तो वहां मौजूद गैंग प्रभारी और उनके साथियों ने कथित तौर पर साजिश के तहत वेंडर्स पर हमला कर दिया। आरोप है कि दिव्यांग पथ विक्रेता संजय चौहान, कालूराम चौहान, अर्जुन कहार, मंजू चौहान, चंचल बैरागी और अन्य महिला विक्रेताओं के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसके बाद उल्टा 3 वेंडर्स के खिलाफ ही झूठी शिकायत दर्ज करवा दी गई। संघ ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच हो, वेंडर्स पर दर्ज एफआईआर खारिज की जाए और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज हो।

**एक्ट का उल्लंघन और बेदखली का विरोध**

व्यापारी संघ ने ज्ञापन में उज्जैन में चल रही बेदखली की मुहीम को गैर-कानूनी बताया है। उनका कहना है कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 की अनदेखी की जा रही है। वेंडर्स को बिना किसी पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जा रहा है, जो कि मूल कानून और 2016 के नियमों के खिलाफ है।

**सर्वे और सर्टिफिकेट अधूरे :** शहर में अभी तक वेंडर्स का सर्वे पूरा नहीं हुआ है और वेंडिंग प्लान फाइनल नहीं है। ऐसी स्थिति में बेदखली और विस्थापन करना कानूनन गलत है।

**आजीविका पर संकटः** संघ का कहना है कि प्राकृतिक बाजारों से हटाने के कारण वेंडर्स कर्ज में डूब रहे हैं और उनकी आय खत्म हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने शासन के सामने 5 सूत्रीय मांगें रखी हैं। जिसमें उज्जैन में वेंडर्स की बेदखली, जब्ती और उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाई जाए। वेंडिंग जोन की समयबद्ध अधिसूचना जारी हो और प्राकृतिक बाजारों की सुरक्षा की जाए।

टाउन वेंडिंग कमेटी की प्लानिंग और

### छात्रावास से कम्प्यूटर, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामान चोरी

**मन्दसौर।** डाइट परिसर में स्थित सीडब्ल्यूएस छात्रावासस का अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर एलजी कम्पनी का कम्प्यूटर, प्रिंटर, किबोर्ड, म्यूजिक सिस्टम मय बॉक्स व छात्रावास के इस्तेमाली बर्तन व किचन में रखा सामान चुरा लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना की रिपोर्ट मंदसौर यशोधर्मन थाने पर फरियादी पुरूषोत्तम पिता जगन्नाथ भट्ट निवासी आनंद विहार कॉलोनी मंदसौर ने की। पुलिस ने बताया कि फरियादी के अनुसार यह वारदात 13 मार्च 2025 की दोपहर से 8 फरवरी 2026 के बीच हुई। इस घटना को लेकर फरियादी के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसकी जांच पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मन्दसौर। मंदसौर-सीतामऊ रोड़ स्थित चांगली फंटा पर पिकअप वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन नं. एमपी 14 जीसी 2712 के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदसौर के नईआबादी थाने पर फरियादी ओमप्रकाश अहीरवार निवासी ग्राम हांडी पिपलिया नीमच हा.मु. गंगधार जिला झालावाड़ा (राज.) ने रिपोर्ट की है कि पिकअप वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया व फरियादी के आगे चल रहे उसके जीयाजी की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में फरियादी के जीजा मोहनलाल घायल हो गये और उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

### आईटीआई रतलाम में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रतलाम।** विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को मनाए जाने वाले सुरक्षित इन्टरनेट दिवस के अवसर पर इस वर्ष की सुरक्षित इन्टरनेट दिवस की थीम स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), रतलाम में एक साइबर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) श्रेय भावसार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आईटीआई प्राचार्य श्री यू. पी. अहिरवार सहित संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग, एआई से जुड़े सामान्य साइबर खतरे एवं साइबर स्वच्छता उपाय के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, छात्रों को फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, डीपफेक, साइबर बुलिंग, ओटीपी एवं यूपीआई फ्रॉड, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया से जुड़ी सावधानियां तथा डिजिटल फुटप्रिंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# इंदौर ग्रामीण के प्रभारी बनने के बाद डागा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रतलाम के पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को पार्टी संगठन ने इंदौर ग्रामीण जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा के बाद राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में सक्रियता बढ़ गई है।

नियुक्ति के उपरांत श्री डागा ने बुधवार को भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की तथा उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री डागा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

भाजपा द्वारा दो दिन पूर्व प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा की गई थी। रतलाम से पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को इंदौर ग्रामीण जैसे राजनीतिक दृष्टि महत्वपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपे जाने को संगठन में उनके अनुभव और सक्रियता का सम्मान माना जा रहा है। उनके प्रभारी बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण है।

भोपाल प्रवास के दौरान श्री डागा ने सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया। इसके पश्चात वे मंत्री काश्यप के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और औपचारिक मुलाकात की।इस अवसर पर उज्जैन नगर प्रभारी बजरंग पुरोहित एवं भाजपा नेता मनोहर पोरवाल भी उपस्थित रहे।

### जिलाधीश से की भेंट

रतलाम। मध्य प्रदेश अधिकारी/कर्मचारी, पेंशनर संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिलाधीश मीसासिंह से सौहार्द भेंट कर जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधीश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी संवर्गों की समस्याओं को संकलित किया जाए तथा अगले सप्ताह पुनः मोर्चा पदाधिकारी भेंट करें, ताकि उनके निराकरण की दिशा में ठोस कार्रवाई की जा सके। चर्चा के दौरान जिलाधीश ने बताया कि पटवारियों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु एसएलआर की नियुक्ति की गई है।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय के जैसे नेतृत्व के संघर्ष और समर्पण से बनी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

### पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मे मनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मे मनाई गई। जिला भाजपा द्वारा दीनदयाल नगर स्थित उद्यान मे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माल्यार्पण के बाद आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरूआत भी हुई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने चेक प्रदान कर राषि समर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, उज्जैन नगर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा आदि की और से आजीवन सहयोग निधि की और से चेक प्रदान किये गए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मूल मंत्र को लेकर भाजपा चल रही है और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। भाजपा आज भी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है

# मंदसौर जिले के गरोठ में आज और भानपुरा में कल लगेगा रोजगार मेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला पंचायत मंदसौर के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज 12 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर गरोठ में और कल 13 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर भानपुरा में विशाल रोजगार मेले का आयोजन होगा। दोनों जगह यह रोजगार मेला प्रातः 11. बजे से प्रारंभ होकर सायं 4 बजे तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रीय युवाओं को निजी क्षेत्र की नामी कंपनियों में सीधे चयन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस मेले में नवभारत फर्टिलाइजर्स इंदौर (म.प्र.), मारुति सुजुकी (गुजरात), लाइम कंपनी अहमदाबाद, एस.आई.एस. इंडिया नीमच, मुथूट माईक्रो फाइनेंस कंपनी बांसवाड़ा (राज.), एल.आई.सी. लाईफ इंश्योरेंस मंदसौर, गैल इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया गुना, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस मंदसौर, जैसी अनेक प्रतिष्ठित संस्थाएं शिरकत कर रही हैं। इन कंपनियों द्वारा विविध पदों पर नियुक्तियाँ की जाएंगी। मेले में शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., स्नातक, स्नातकोत्तर और समस्त डिप्लोमाधारी निर्धारित की गई है। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

जिला प्रबंधन ने बताया कि मेले में उपस्थित होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, अपडेटेड रिज्यूम (बायोडाटा), आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड और अपनी सभी अंकसूचियों की फोटोकॉपी अनिवार्य रूप से लानी होगी। गरोठ में मेले की व्यवस्था श्री ज्ञान प्रकाश और भानपुरा में श्री मनीष राजपूत द्वारा संभाली जाएगी।

# मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग पर जिलास्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ आलीराजपुर

जिले में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री मोनिका बघेल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकन किया जाएगा तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से जरूरतमंद बच्चों तक समय पर सहायता और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

कार्यशाला में तकनीकी संस्था के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वल्नरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है। कार्यशाला में सहायक संचालक सुश्री अंजली चौधरी ने सभी से मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लेकर कार्यशाला का समापन किया। कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आईसीपीएस स्टाफ तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### युवाओं ने साइकिलिंग और जंगल कुकिंग में दिखाया हुनर

**मन्दसौर।** जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग एंड स्पोर्ट्स क्लाईबिंग एसोसिएशन द्वारा युवाओं में साहस, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय साहसिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी चौराहे से साइकिल रैली के रूप में हुआ जो खिड़की माता पहुंची। मार्ग में कैडेट्स ने यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासन, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। खिड़की माता पहुंचने के पश्चात प्रतिभागियों के लिए च्छिबना बर्तन भोजन निर्माण (जंगल कुकिंग) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस गतिविधि में विभिन्न टोलियों ने सीमित संसाधनों में प्राकृतिक साधनों का उपयोग करते हुए स्वच्छता और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए भोजन तैयार किया। निर्णायक मंडल द्वारा स्वाद, स्वच्छता, प्रस्तुति, नवाचार एवं टीम समन्वय के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक डॉ. क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, नायब सूबेदार अमर पाटिल एवं उपाध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल, सीएचएम सुखचैन सिंह, रौनक कुमार पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोलियों को सम्मानित किया गया। सह सचिव जेनिश बरड़िया ने आभार व्यक्त किया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बड़े बालाजी मंदिर पर होंगे आयोजन

**मन्दसौर।** श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर 28 मार्च से 19 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि 29 मार्च, रविवार को दोप. 12 बजे से भव्य संगीतमय सुन्दर काण्ड, 2 अप्रैल गुरुवार हनुमान जन्मोत्सव पर सायं 7 बजे 151 ढोल, 251 दीपक व भव्य आतिशबाजी के साथ महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। 12 अप्रेल, शुक्रवार प्रातः 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा बड़े ब्लाजी मंदिर परिसर बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व 18 अप्रैल, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

### ग्राम बनी में टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित, ग्रामीणों को शपथ दिलाई

**मन्दसौर।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला क्षय अधिकारी मंदसौर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बनी में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन रखा गया। कैंप में डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा वल्नरेबल पापुलेशन के चेस्ट एक्सरे किए गए। सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर विजय कुमार नागौरे द्वारा उपस्थित जन को टीबी कैंप आयोजित करने के उद्देश्य बताने के साथ टीबी की बीमारी के प्रति व्याप्त भय और भ्रांति दूर हो उसके लिए जागरूकता संदेश प्रदान किया गया एवं टीबी शपथ दिलवाई गई। सीएचओ राजाराम प्रजापत एवं एएनएम टीना कुमावत ने निक्षय मित्र बन टीबी पेशेंट को फूड बास्केट प्रदान किए गए। कैंप में ग्राम बनी के सरपंच ,आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### लोक निर्माण से लोक कल्याण तक जिले में पांच लोक सरोवर निर्मित

**नीमच।** प्रदेश शासन की मंशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में लोक निर्माण से लोक कल्याण तक सड़क निर्माण में उपयोग मिट्टी एवं मुरम का उपयोग कर लोक सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। लोक सरोवरों के निर्माण से जल संचय होकर भूजल स्तर में वृद्धि हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा नीमच जिले में हरवार, घसूण्डी, बिसलवास सोनगरा, चीताखेडा एंव महागढ़ में लोक सरोवरों का निर्माण किया गया है। प्रति लोक सरोवर लगभग 4 हजार घन मीटर जल संचय किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में जनशिकायतो के त्वरित और प्रभावी निराकरण के दिए निर्देश

**बड़वानी ।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज जिले के कुल 47 आवेदको ने अपनी शिकायतो के निराकरण हेतु आवेदन दिए। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में आवेदको की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया । जिन आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर एवं शेष के निराकरण के लिये समय सीमा तय कर आवेदनो का निराकरण करने हेतु संबंधित विभाग के प्रमुखों को निर्देशित किया गया। विकासखण्ड बड़वानी के ग्राम सिलावद निवासी श्री प्रवीण पिता जगन्नाथ ने श्रवण बाधित होकर कान की मशीन की मांग की । कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को जांच उपरान्त समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये । आवेदक का जिला चिकित्सालय बड़वानी में परीक्षण उपरान्त 51 प्रतिशत श्रवण बाधित पात्रता सुनिश्चित होने पर विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने दिव्यांग श्री प्रवीण को कान की मशीन प्रदाय की ।

# ओने पौने दामों में बिकने लगी सोयाबीन व रायड़ा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मल्हारगढ़

मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते आज किसान एवं व्यापारी दोनों ही परेशान होकर आर्थिक संकट से जूझ रहे है बुधवार को प्रातः 11.30 बजे मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता आदि कृषिउपज मंडी पहुंचे व किसानों से चर्चा की यहां किसान केशुराम धनगर रीछा,नाथूलाल पाटीदार काचरिया,बापूलाल पाटीदार, रूपी, शिवलाल गोस्वामी आदि ने बताया कि जब से केंद्र में मोदी सरकार काबिज हुई है तब से सबसे ज्यादा शोषण किसानों का एवं व्यापारियों का काफी नुकसान होरहा है किसानों को उनकी किसी भी उपज के वाजिब भाव नही मिल रहे है। देश मे सोयाबीन का उत्पादन बड़ी तादात में होता है बावजूद इसके अमरीका से तेल आयात कर यहां के किसानों की कमर तोड़ी जारही है। ट्रेड डिल के बाद दो दिन में सोयाबीन के भाव 800 से 1000 रुपये तक भाव कम हुए है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की कठपुतली बनी हुई है और ट्रम्प इसका फायदा उठाते हुवे भारत पर दबाव बनाकर मनमाने निर्णय लेने को सरकार को मजबूर कर रहा है शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में ओलावृष्टि व बेमौसम बारिश से पहले ही अफीम,गेंहू,चना,चिया सहित सभी फसले बर्बाद होगई ओर किसानों को अभी तक किसी प्रकार कोई मुआवजा भी नही मिला और ट्रेडडील से किसानों की माली हालत और खराब होगई है शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार आयात निर्यात नीति ऐसी बनाये की जो किसान हितेषी होकर किसानों को फायदा पहुंचाने में मदद करें। इस मौके पर अनिल मुलासिया,किशोर उणियारा भेरूपप्पू गुर्जर आदि भी मौजूद थे।

### छात्रों को 10-10 हजार की सम्मान निधि प्रदान

**रतलाम।** जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्यूब रूट फाउंडेशन, बदनावर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान की गई। श्री नित्यानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धोसवास के प्राचार्य गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं बोर्ड वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित।

# उपभोक्ता सेवा और राजस्व वसूली हमारी प्राथमिकता-श्री आठनेर



### नवागत एसई का फेडरेशन ने किया स्वागत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मंदसौर

म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी मंदसौर के नवागत अधीक्षण अभियंता (एसई) योगेश आठनेरे के मंदसौर आगमन पर आज म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

इस दौरान प्रांतीय महामंत्री डीएस चंद्रावत ने कहा कि मंदसौर वृत्त के सभी कर्मचारी बेहतर उपभोक्ता सेवा, राजस्व वसूली और लाइन लॉस कम करने हेतु कृत संकल्पित है। कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में होना चाहिए। नवागत अधीक्षण अभियंता योगेश आठनेरे ने कहा है कि मंदसौर वृत्त में सभी कर्मचारियों/ अधिकारियों को साथ लेकर टीम भावना से कार्य करते हुए मंदसौर को उत्कृष्ट स्थान पर बनाए रखेंगे। सभी कर्मचारियों को अपने अपने कार्य को पूर्ण सुरक्षा के साथ करते हुए त्वरित और गुणवत्ता पूर्वक विद्युत प्रदाय निर्धारित समय में प्रदान करें। सभी कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में मंदसौर के रीजनल सेक्रेटरी अरुण राठौर, अध्यक्ष नरेंद्र राव नवले, वृत्त अध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव यश जमरा, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज पटेल, बी डी विजयवर्गीय, नेहा सोमपुरा, पुष्पा धनोतिया, शंकर खरे, कमलेश दायमा, हरिवल्लभ डपकरा, सुरेंद्र चंद्रावत, नारायण शर्मा, प्रकाश लोहार, राहुल सेन, भूपेंद्र गोस्वामी, सुरेश मालवीय, प्रदीप जोशी, शोभित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### ।। जाहिर सूचना का प्रतिवाद ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इरशाद पिता बाबु खाँ, निवासी-हीरामिल की चाल, उज्जैन के माध्यम से अभिभाषक श्री मोहम्मद अमजद खान, हाई एडवोकेट के द्वारा दैनिक अवंतिका दिनांक 10.02.2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना, जिसमें उनके पक्षकार ने एक भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन में स्थित है के संबंध में असत्य जानकारी देते हुए जाहिर सूचना जारी की गई है, जिस पर मेरे पक्षकारगण शमा बी, अकीला बी, शाकीर उद्दीन व शबाना बी पुत्रगण हिसामुद्दीन, निवासी-भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन में मेरे पक्षकार के हक व अधिकार निहित है एवं वर्तमान में मेरा पक्षकार उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति पर काबिज है। उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार मेरे पक्षकारगण है। उपरोक्त भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन जो कि, अच्छी बी पति हिसामुद्दीन निवासी मकान नं. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नं. 33 उज्जैन म.प्र. के द्वारा दिनांक 31.12.2018 को वसीयतनामा नोटरी महोदय के समक्ष गवाहों की उपस्थिति में सम्पादित किया गया था. उक्त वसीयतनामें में उल्लेखित किया गया हैं कि, अच्छी बी ने अपने जीवन काल में अपनी वसीयत में उल्लेखित किया हैं कि, मेरी चार पुत्रीयां एवं तीन पुत्र हैं जिसमें से अजहर उद्दीन, कलीम उद्दीन व बिन्नो बी पति बाबु खाँ को उनके हिस्से की सम्पत्ति नगद के रूप में उन्हें दे चुकी हूँ तथा शेष बची सम्पत्ति मेरे दोनों पुत्रों व एक पुत्री बिन्नो बी का कोई हक अधिकार बाकी नहीं रहा है और ना ही उन तीनों से उक्त सम्पत्ति के संबंध में कुछ लेना देना शेष रहा है को तैयार करवाया गया था जिसे गवाहों के माध्यम से वसीयतनामें को पढकर, पढवाकर वसीयत कर्ता द्वारा सुनने के पश्चात अपना अंगुठा निवासी लगाया गया है। उक्त वसीयत नामें के आधार पर नगर पालिक निगम उज्जैन में उक्त सम्पत्ति को शमा बी, अकीला बी, शाकीर उद्दीन व शबाना बी के नाम पर दर्ज किया गया है। इरशाद की माता बिन्नों की मृत्यु दिनांक 09.05.2021 को हो चुकी है। इरशाद की माता बिन्नो बी द्वारा अपने जीवित रहने के दौरान भी किसी प्रकार के कोई हक एवं हिस्से की मांग नहीं की गई, क्योंकि बिन्नो बी ने अपनी माता अच्छी बी से पूर्व में अपना हिस्सा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकारगण का एकमात्र स्वत्व, हित एवं आधिपत्य की है। इरशाद पिता बाबु खां निवासी-हीरामील की चाल, उज्जैन की ओर से प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना असत्य एवं निराधार है। दिनांक 11.02.2026

**अजीत कुमार वर्मा एडवोकेट उज्जैन म.प्र.**
**कार्यालय- 1. सरदारपुरा देवासगेट, उज्जैन म.प्र. 98272-54443**



# भागम भाग 2 में नहीं होंगे गोविंदा!

**एक्टर की जगह मनोज बाजपेयी को किया गया कास्ट, अक्षय कुमार और परेश रावल फिर नजर आएंगे**

कॉमेडी फिल्म भागम भाग का सीक्वल बनने जा रहा है। भागम भाग 2 में अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी होगी, जबकि सीक्वल में मनोज बाजपेयी को गोविंदा की जगह कास्ट किया गया है। वैराइटी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भागम भाग 2 में अक्षय कुमार और परेश रावल पहले पार्ट की तरह नजर आएंगे। वहीं, फिल्म में मनोज बाजपेयी की एंट्री होगी। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ मीनाक्षी चौधरी लीड रोल में होंगी। मनोज बाजपेयी के अपोजिट एक्ट्रेस को लेकर बातचीत चल रही है।

फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। सीक्वल की कहानी गलत पहचान, कॉमेडी ऑफ एरर्स और बढ़ती अफरा-तफरी पर आधारित होगी, जो ओरिजिनल फिल्म के इमोशन को बनाए रखेगी। बता दें कि भागम भाग साल 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। वहीं, भागम भाग 2 का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे। प्रियदर्शन इस बार फिल्म से जुड़े नहीं हैं, क्योंकि वह पहले से अक्षय के साथ दूसरी फिल्मों में व्यस्त हैं। प्रियदर्शन और अक्षय हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में साथ काम कर रहे हैं, जो 15 मई 2026 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, प्रियदर्शन थ्रिलर फिल्म हैवान पर भी काम कर रहे हैं, जिसमें अक्षय और सैफ अली खान नजर आएंगे और यह फिल्म भी 2026 में रिलीज हो सकती है। फिल्म भागम भाग में लारा दत्ता, राजपाल यादव, जैकी श्रॉफ और अरबाज खान भी थे। इसका स्क्रीनप्ले नीरज वोरा ने लिखा था।



# लाइव शो में जैस्मिन सैंडलस ने रोका गाना

**दिल्ली में सिंगर बोलीं- 'लड़कियां सेफ नहीं तो मैं गाना नहीं गाऊंगी'**



फिल्म धुरंधर की सिंगर जैस्मिन सैंडलस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने कॉन्सर्ट के बीच में गाना रोक देती हैं, क्योंकि उन्हें दिखता है कि कुछ पुरुष महिलाओं के एक ग्रुप को परेशान कर रहे हैं।

यह क्लिप 7 फरवरी को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुए जैस्मिन सैंडलस के हालिया कॉन्सर्ट की है। वीडियो में जैस्मिन पहले गाना शुरू करती हैं, फिर अचानक कहती हैं, सिक्योरिटी, प्लीज इन दो लड़कों को बाहर निकालिए। ये लड़कियां को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने पंजाबी में भीड़ से कहा, मैं तब तक परफॉर्म नहीं करूंगी, जब तक लड़कियां मेरे कॉन्सर्ट में सेफ महसूस नहीं करतीं।

उन्होंने आगे कहा, मैं ऐसे ही स्टेज पर घूमती रहूंगी, जब तक समस्या हल नहीं हो जाती। इस पर दर्शकों ने जोरदार तालियों और चीयर के साथ उनको सपोर्ट किया। वीडियो वायरल होने के बाद कई लोगों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने पर जैस्मिन की तारीफ की। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा - जबरदस्त सच्ची शेरनी, महिला सशक्तिकरण।

दूसरे ने कहा - आपके लिए बहुत इज्जत है। एक अन्य यूजर ने लिखा - जैस्मिन सैंडलस, बहुत सही। वहीं, एक यूजर ने यह भी कहा - भाई, वो सच में क्वीन है। बता दें कि जैस्मिन ने हाल ही में आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में दो गानों को अपनी आवाज दी है। जैस्मिन ने फिल्म धुरंधर में दो प्रमुख एक फिल्म का टाइटल ट्रैक (हनुमानकाइंड के साथ) और दूसरा ट्रैक 'शरारत' गाने गाए हैं।




# फिल्म बैटल ऑफ गलवान की रिलीज डेट टल सकती है

**रिपोर्ट में दावा-कुछ अहम सीन के री-शूट में लग रहा है ज्यादा वक्त**

एक्टर सलमान खान की मोस्ट-अवेटेड वॉर फिल्म बैटल ऑफ गलवान की रिलीज डेट टल सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म के री-शूट और कुछ जरूरी प्रक्रियाओं की वजह से इसकी टाइमलाइन आगे बढ़ गई है। हालांकि, फिल्म की टीम ने अभी तक इस पर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। बता दें कि फिल्म की रिलीज डेट 17 अप्रैल तय की गई थी।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के कुछ अहम सीन का री-शूट चल रहा है, जिसमें टीम को उम्मीद से ज्यादा वक्त लग रहा है। बताया जा रहा है कि सलमान खान और डायरेक्टर अपूर्व लाखिया कहानी के इमोशनल और ड्रामैटिक इम्पैक्ट को और स्ट्रॉन्ग बनाना चाहते हैं, इसी वजह से प्रोडक्शन में देरी हो रही है।

**नया शूटिंग शेड्यूल-** रिपोर्ट के मुताबिक, 9 फरवरी से मुंबई की गोल्डन टोबैको फैक्ट्री में फिल्म का नया शूटिंग शेड्यूल शुरू होने वाला है। इसके बाद कुछ ही दिनों की शूटिंग बचने की उम्मीद है। सूत्र के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग फरवरी के आखिर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद अपूर्व लाखिया री-शूट किए गए सीन की एडिटिंग शुरू करेंगे।

**रक्षा मंत्रालय की स्क्रीनिंग-** प्रोडक्शन और एडिटिंग के साथ-साथ फिल्म की रिलीज रक्षा मंत्रालय की अनिवार्य स्क्रीनिंग पर भी निर्भर करेगी। इस प्रक्रिया की वजह से रिलीज में और देरी हो सकती है। यह स्क्रीनिंग इसलिए जरूरी होती है ताकि असली घटनाओं और राष्ट्रीय हितों को सही और संवेदनशील तरीके से दिखाया जा सके, खासतौर पर जब फिल्म का विषय सेना से जुड़ा हो।

**रिलीज डेट को लेकर अटकलें-** मौजूदा हालात को देखते हुए पहले तय की गई अप्रैल रिलीज अब संभव नहीं लग रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान का मानना है कि देशभक्ति से जुड़ी इस फिल्म को बेहद सोच-समझकर पेश किया जाना चाहिए और इसलिए टीम को किसी भी तरह की जल्दबाजी से बचना चाहिए।

**चेक बाउंस मामले में जेल पहुंचे राजपाल यादव के समर्थन में उतरे सितारे**

# मदद के लिए आगे आया फिल्म और टीवी जगत

प्रसिद्ध कॉमेडियन और अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों गंभीर कानूनी और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। चेक बाउंस मामले में अदालत के आदेश के बाद उन्होंने दिल्ली की तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद जहां फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मच गई है, वहीं कई नामी हस्तियां अभिनेता की आर्थिक मदद के लिए आगे आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजपाल यादव ने आत्मसमर्पण करते समय खुद को आर्थिक रूप से बेहद कमजोर बताते हुए कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं और वह खुद को अकेला महसूस कर रहे हैं। हालांकि अब फिल्म और मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने उनका साथ देने का ऐलान किया है।



राजपाल यादव लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम रहे हैं। उन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग और अभिनय शैली से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। लेकिन हाल ही में सामने आए इस मामले ने उनके करियर और निजी जीवन दोनों को प्रभावित किया है। जैसे ही उनके जेल जाने की खबर सामने आई, कई कलाकारों और सार्वजनिक हस्तियों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उनके समर्थन में आवाज उठानी शुरू कर दी।

अभिनेता सोनू सूद इस मामले में सबसे पहले मदद के लिए आगे आने वाले सितारों में शामिल हैं। सोनू सूद ने सोशल मीडिया के जरिए राजपाल यादव को फिल्म में काम देने और साइनिंग अमाउंट देने की पेशकश की है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से भी अपील की कि सभी को मिलकर राजपाल यादव की मदद करनी चाहिए। सोनू सूद पहले भी जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए जाने जाते रहे हैं और इस मामले में भी उनका कदम काफी सराहनीय माना जा रहा है।



राजपाल यादव की मदद के लिए संगीत जगत से भी सहयोग सामने आया है। जैम म्यूजिक के प्रोड्यूसर इंदरजीत सिंह ने अभिनेता के समर्थन में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने जैम ट्यून्स परिवार की ओर से राजपाल यादव को 1.11 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इंदरजीत सिंह ने राजपाल यादव की प्रतिभा और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इंडस्ट्री को ऐसे कलाकारों के साथ खड़ा होना चाहिए।

राजनीतिक क्षेत्र से भी अभिनेता के समर्थन में मदद सामने आई है। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने राजपाल यादव के परिवार को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कलाकार समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और मुश्किल समय में उनका सहयोग करना जरूरी है। उनके इस फैसले को भी काफी समर्थन मिल रहा है।

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े विवादित लेकिन चर्चित अभिनेता और फिल्म समीक्षक कमाल राशिद खान ने भी राजपाल यादव की मदद के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि वह राजपाल यादव को 10 लाख रुपये देने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने बॉलीवुड से अपील की कि सभी मिलकर करीब पांच करोड़ रुपये की मदद जुटाएं ताकि राजपाल यादव कानूनी संकट से बाहर निकल सकें।

फिल्म निर्देशक अनीस बज्मी ने भी राजपाल यादव के समर्थन में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजपाल यादव इंडस्ट्री के बेहद प्रतिभाशाली और मेहनती कलाकार हैं और वह उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार हैं। अनीस बज्मी ने बॉलीवुड के अन्य कलाकारों और निर्माताओं से भी अपील की कि वह इस कठिन समय में राजपाल यादव का साथ दें।

- टीवी और फिल्म अभिनेता गुरमीत चौधरी ने भी राजपाल यादव के समर्थन में भावुक संदेश साझा किया है। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ कलाकार को इस तरह मुश्किल हालात में देखना बेहद दुखद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एक कलाकार और इंसान होने के नाते राजपाल यादव की हर संभव मदद करेंगे। गुरमीत चौधरी ने मनोरंजन जगत से अपील की कि सभी को एकजुट होकर राजपाल यादव के समर्थन में खड़ा होना चाहिए।
- राजपाल यादव का फिल्मी करियर बेहद सफल रहा है और उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। उनकी कॉमिक भूमिकाएं दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रही हैं। उन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। हालांकि आर्थिक और कानूनी परेशानियों के चलते उनका करियर प्रभावित होता नजर आ रहा है।
- रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेक बाउंस से जुड़ा यह मामला काफी समय से चल रहा था और अदालत के आदेश के बाद अभिनेता को आत्मसमर्पण करना पड़ा। बताया जा रहा है कि राजपाल यादव इस पूरे मामले से मानसिक रूप से भी काफी परेशान हैं। उनके करीबी लोगों का कहना है कि अभिनेता इस कठिन समय से गुजर रहे हैं और उन्हें भावनात्मक और आर्थिक दोनों तरह के सहयोग की जरूरत है।

## बीमार अभिषेक शर्मा को रिप्लेस कर सकते हैं सैमसन, जसप्रीत बुमराह भी वापसी करेंगे

# भारत का दूसरा मैच आज नामीबिया से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप के 18वें मुकाबले में आज मेजबान भारत के सामने नामीबिया की चुनौती है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होना है, जिसका टॉस 6.30 बजे होगा।

भारत ने पहले मैच में अमेरिका को हराया था, वहीं नामीबिया को नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। आज का मैच जीतकर टीम इंडिया ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच सकती है। वहीं नामीबिया के पास भी जीत के साथ नंबर-2 पर पहुंचने का मौका है। पाकिस्तान 4 पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर है।




**श्रीलंका को हरा चुका है नामीबिया**

नामीबिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में 16 मुकाबले खेले हैं। 4 में टीम को जीत और 11 में हार मिली। एक मैच टाई भी रहा। 2022 में टीम श्रीलंका को भी हरा चुकी है। वर्ल्ड कप में नामीबिया ने एक बार भारत का सामना भी किया, लेकिन 2021 में टीम को हार मिली थी।



**कप्तान सूर्या फॉर्म में, अभिषेक बीमार**

नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले भारत को बड़ा झटका लगा। ओपनर अभिषेक शर्मा बीमार हैं, उनका आज के मैच में खेलना मुश्किल है। अभिषेक की जगह विकेटकीपर संजू सैमसन को मौका मिल सकता है, उनके साथ ईशान किशन ओपनिंग करते नजर आएंगे। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव अमेरिका के खिलाफ 84 रन बनाकर अपना फॉर्म साबित कर चुके हैं।

यूएसए के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मुकाबले में 3 विकेट अपने नाम किए थे। तब अर्शदीप सिंह को 2 विकेट मिले थे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंजरी से रिकवर होने के बाद आज वापसी करेंगे। ऐसे में अर्शदीप या सिराज में से किसी एक गेंदबाज को बेंच पर बैठना पड़ सकता है।



**नामीबिया पहला मैच जीत नहीं सकी**

नामीबिया को अपने पहले मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टीम आज भी हार गई तो उनका सुपर-8 में एंट्री करना मुश्किल हो जाएगा। पहले मुकाबले में नामीबिया के लिए जैन निकोल लोफ्टी-ईटन ने 42 रन बनाए थे। उन्होंने एक विकेट भी लिया था। लेफ्ट आर्म स्पिनर बर्नार्ड शोल्ट्ज भी एक विकेट लेने में सफल रहे थे।

**पिच रिपोर्ट** अरुण जेटली स्टेडियम में ही नामीबिया ने अपना मैच खेला था। टीम 156 रन ही बना पाई थी, नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया था। दिल्ली में आज भी बैटिंग पिच ही मिलेगी, ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम चेज करना पसंद कर सकती है।

**वेदर कंडीशन** दिल्ली में आज बारिश की कोई संभावना नहीं है। टेम्परेचर 12 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। दिन में धूप के कारण गर्मी रहेगी, लेकिन मुकाबला शाम को होगा, इसलिए मौसम ठंडा रहेगा।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**भारत:** संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह/मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह।

**नामीबिया:** लौरेन स्टीनकैंप, जैन फ्रायलिंक, जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन, जेरार्ड इरास्मस (कप्तान), जेजे स्मिट, जैन ग्रीन (विकेटकीपर), डायलन लीचर, रूबन ट्रम्पलमैन, विलेम मायबर्ग, बर्नार्ड शोल्ट्ज और मैक्स हिंगो।

## टी-20 वर्ल्डकप- भारतीय खिलाड़ी परिवार के साथ नहीं रहेंगे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेटर अपने परिवार (पत्नियां और मंगेतर) के साथ नहीं रह सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम मैनेजमेंट की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें खिलाड़ियों की पत्नियों और मंगेतरों को टीम होटल में साथ ठहराने की अनुमति मांगी गई थी।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को टीम के साथ ठहरने की इजाजत नहीं है। हालांकि, यदि कोई खिलाड़ी चाहे तो अपने परिवार के लिए होटल में अलग ठहरने की व्यवस्था खुद कर सकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी उसे उठानी होगी। इसके लिए बीसीसीआई की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया जाएगा। भारत टी-20 वर्ल्ड कप का सह-मेजबान है। बीसीसीआई का मानना है कि टीम को केवल पाकिस्तान से मुकाबले के लिए श्रीलंका जाना है। ऐसे में खिलाड़यों को परिवार के साथ रहने की जरूरत नहीं है।

बीसीसीआई की खिलाड़ियों के साथ परिवार के रहने की शर्तें स्पष्ट हैं। मौजूदा नीति के तहत यदि कोई विदेशी दौरा 45 दिनों से ज्यादा लंबा है, तो खिलाड़ियों का परिवार अधिकतम 14 दिन तक साथ रह सकता है। हालांकि, यह नियम किसी भी आईसीसी या मल्टीनेशन टूर्नामेंट पर लागू नहीं होता। कोविड-19 के बाद पूरे दौरे के दौरान परिवार को साथ रखने की परंपरा शुरू हुई थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की 1-3 से हार के बाद बीसीसीआई ने अपनी यह पॉलिसी बदल दी है।बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को जारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है।

## इंग्लैंड टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के चेहरे की सफल सर्जरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंग्लैंड

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की चेहरे की सफल सर्जरी हो गई है। स्टोक्स को क्रिकेट बॉल गाल पर लगने से उनके चेहरे पर काफी चोट आई थी। 34 साल के स्टोक्स ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा, हो सकता है ऐसा न लगे...लेकिन सर्जरी सफल रही। स्टोक्स नेट्स सेशन के दौरान साइड में खड़े थे पिछले हफ्ते, उन्होंने अपनी चोट की जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, आपको गेंद की हालत देखनी चाहिए। क्रिकइंफो के अनुसार, जब स्टोक्स को चोट लगी, तब वे बैटिंग या बॉलिंग नहीं कर रहे थे, बल्कि नेट्स सेशन के दौरान साइड में खड़े थे। ऑलराउंडर स्टोक्स पिछले महीने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के दौरान एडक्टर इंजरी के कारण मैदान छोड़ने के बाद से क्रिकेट से बाहर हैं। स्टोक्स ने 2023 वर्ल्ड कप के बाद से इंग्लैंड के लिए कोई भी व्हाइट-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है।

## इंडिया-पाकिस्तान विवाद सुलझाने में मुबाशिर उस्मानी की भूमिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमीरात क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मुबाशिर उस्मानी ने भारत-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप 2026 विवाद सुलझाने में अहम भूमिका निभाई है। वह इस पूरे मामले में शामिल रहे। पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बायकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। हालांकि सोमवार को पाकिस्तान फिर भारत के खिलाफ खेलने के लिए जारी हो गया।



संकट के इस दौर में मुबाशिर उस्मानी ने बीच-बचाव की भूमिका निभाई। उन्होंने आईसीसी, बांग्लादेश, भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत कराई और सभी को साथ बैठकर समाधान निकालने में मदद की। ईसीबी के एक सूत्र के अनुसार, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी पक्ष आपसी सहमति पर पहुंचें और विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकले। यह संकट न केवल मौजूदा वर्ल्ड कप बल्कि भविष्य के आईसीसी आयोजनों को भी प्रभावित कर सकता था। उस्मानी ने पाकिस्तान बोर्ड को 2009 के लाहौर आतंकी हमले की याद दिलाई सूत्र ने बताया कि जैसे ही आईसीसी ने समाधान के लिए बातचीत शुरू की, उस्मानी पूरी प्रक्रिया में सक्रिय रहे। सोमवार शाम तक कुछ अहम मुद्दों पर गतिरोध बना रहा, लेकिन अंत तक वे समाधान निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। भारतीय और पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस्मानी जो पहले ईसीबी में महासचिव रह चुके हैं।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन:-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## क्विक-कॉमर्स में
# व्हाइट-कॉलर नौकरियां 21 फीसदी बढ़ीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के क्विक-कॉमर्स सेक्टर में व्हाइट-कॉलर नौकरियों में सालाना 21% की वृद्धि दर्ज की गई है और कुल जॉब पोस्टिंग में इनकी हिस्सेदारी बढ़कर 14% हो गई है। फाउंडइट की रिपोर्ट के अनुसार कंपनियां अब सिर्फ विस्तार पर नहीं, बल्कि डेटा-आधारित निर्णय, परिचालन दक्षता और एआई पर जोर दे रही हैं।

भारत के क्विक-कॉमर्स सेक्टर में तेजी से नौकरियां बढ़ रही हैं। इसमें सालाना आधार पर 21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी जॉब पोर्टल फाउंडइट की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक क्विक-कॉमर्स कंपनियों की कुल जॉब पोस्टिंग में अब व्हाइट-कॉलर भूमिकाओं की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कंपनियां अब केवल तेजी से विस्तार पर नहीं, बल्कि डेटा-आधारित निर्णय, परिचालन दक्षता और पूर्वानुमान की सटीकता पर ज्यादा जोर दे रही हैं।

फाउंडइट की मार्केटिंग उपाध्यक्ष अनुपमा भीमराजका ने कहा कि भारत का क्विक-कॉमर्स सेक्टर अब पैमाना बढ़ाने की रणनीति से हटकर दक्षता और इंटेलिजेंस-आधारित विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनके अनुसार, डेटा एनालिटिक्स, प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी से जुड़े पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि कंपनियां इन्वेंट्री मूवमेंट को बेहतर बनाने और ग्राहक अनुभव मजबूत करने पर ध्यान दे रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनवरी 2026 में विभिन्न उद्योगों में कुल व्हाइट-कॉलर भर्ती मासिक आधार 2 प्रतिशत घटी, हालांकि सालाना आधार पर इसमें 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी और डार्क-स्टोर भूमिकाएं अब भी कुल हेडकाउंट का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन रणनीतिक और तकनीकी भूमिकाएं तेजी से केंद्र में आ रही हैं।

## अमेरिका के बाद सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा भारत; सुरक्षा अब भी चुनौती
# कारोबार में खूब इस्तेमाल हो रहा एआई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


एंटरप्राइज एआई और मशीन लर्निंग उपयोग में भारत अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। जून से दिसंबर 2025 के बीच भारतीय उद्यमों ने 82.3 अरब एआई लेनदेन किए, जो एशिया-प्रशांत का 46.2 प्रतिशत है। रिपोर्ट में सरकार समर्थित डिजिटल ढांचे, क्लाउड निवेश और कौशल विकास को मुख्य कारण बताया गया है। एआई सुरक्षा और डेटा नियंत्रण को लेकर चिंता भी जताई गई है।

भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने के मामले में दुनिया में बड़ी ताकत बनकर उभरा है। एंटरप्राइज एआई/एमएल के इस्तेमाल में अमेरिका के बाद भारत वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जेडस्केलर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उद्यमों ने जून से दिसंबर, 2025 के बीच कुल 82.3 अरब एआई/एमएल लेनदेन दर्ज किए। यह संख्या एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुल एआई गतिविधियों का 46.2 फीसदी है, जो भारत को इस क्षेत्र का निर्विवाद अगुवा बनाती है।

भारत की यह वृद्धि 2025 में सरकार समर्थित निरंतर डिजिटल परिवर्तन प्रयासों के साथ एआई बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में बड़े सार्वजनिक एवं निजी निवेश के बिल्कुल अनुरूप है। एआई-सक्षम कार्यबल के विस्तार और क्लाउड-फर्स्ट ढांचे ने पिछले वर्षों की तुलना में देश की इस उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। क्लाउड-फर्स्ट ढांचे एआई सेवाओं का तेजी से प्रसार में मदद करते हैं। यह रिपोर्ट कंपनी के जीरो ट्रस्ट एक्सचेंज मंच पर जनवरी से दिसंबर, 2025 के बीच 1,000 अरब एआई/मशीन लर्निंग लेनदेन के विश्लेषण पर आधारित है।

- **कंपनियों के पास संवेदनशील डाटा की जानकारी नहीं-** जेडस्केलर ने कहा, भारत में एआई की स्वीकार्यता की मजबूत गति के बावजूद सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। इनमें एजेंटिक एआई का हथियार के तौर पर इस्तेमाल और नवाचार-सुरक्षा उपायों के बीच बड़ा अंतर शामिल है।
- अपनाने की रफ्तार में तेजी के बावजूद कई संगठनों के पास अपने सक्रिय एआई मॉडल और उनमें शामिल खूबियों की बुनियादी सूची तक नहीं है। इस कारण उन्हें इस बात की सटीक जानकारी नहीं मिल पाती कि उनका संवेदनशील डाटा कहां असुरक्षित है।
- **इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में**

**पिचाई समेत दुनियाभर के दिग्गज होंगे शामिल :** यह रिपोर्ट दिल्ली में 16-20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 से एक सप्ताह पहले आई है। इस सम्मेलन में एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, गूगल के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और क्वालकॉम के क्रिस्टियानो आमोन जैसे दुनिया के प्रौद्योगिकी दिग्गजों, नीति-निर्माताओं और नवोन्मेषकों के शामिल होने की उम्मीद है।




### प्रौद्योगिकी-संचार क्षेत्र कर रहे वृद्धि की अगुवाई

- जेडस्केलर ने थ्रेटलैब्ज-2026 एआई सुरक्षा रिपोर्ट में कहा, भारत में एआई के बढ़ते उपयोग का नेतृत्व मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी और संचार ने किया है। इन क्षेत्रों में 31.3 अरब लेनदेन हुए हैं। इसके बाद विनिर्माण (15.7 अरब), सेवा (12.6 अरब) और वित्त-बीमा (12.2 अरब) क्षेत्रों का स्थान है।
- भारत में जेडस्केलर के सीआईएसओ-इन-रेजिडेंस सुब्रत सिन्हा ने कहा, देश में एंटरप्राइज एआई अपनाने का पैमाना अधिकांश संगठनों की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है।

## अमेरिकी निर्भरता
# घटाने की ओर बढ़ रहा विश्व



### ईयू-भारत एफटीए से दो अरब उपभोक्ताओं का साझा बाजार होगा तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईयू और भारत के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता करीब दो अरब उपभोक्ताओं और वैश्विक जीडीपी के एक-चौथाई हिस्से को जोड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता बहुध्रुवीय और पोस्ट-यूएस वैश्विक व्यवस्था की दिशा में बड़ा संकेत है, जिससे रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी मजबूत होगी।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच हाल में घोषित मुक्त व्यापार समझौते को वैश्विक भू-राजनीति में एक बड़े बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ब्रिटिश अखबार द गार्डियन की एक रिपोर्ट में इसे मदर ऑफ ऑल डील्स बताते हुए कहा गया है कि यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है जब क्षेत्रीय संप्रभुता पर दबाव, दंडात्मक टैरिफ और बहुपक्षीय संस्थाओं की कमजोरी जैसे कारक नई विश्व व्यवस्था का संकेत दे रहे हैं।

यह व्यापार समझौता यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और भारत के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया गया। समझौते के तहत करीब दो अरब उपभोक्ताओं और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक-चौथाई हिस्से को जोड़ने वाला साझा आर्थिक ढांचा तैयार होने की उम्मीद है।

कोपेनहेगन विश्वविद्यालय की एशियन स्टडीज प्रोफेसर रविंदर कौर ने लिखा है कि भारत-ईयू साझेदारी का व्यापक दायरा बहुपक्षीय संस्थाओं के प्रति प्रतिबद्धता, सुरक्षा व रक्षा सहयोग, अनुसंधान, गतिशीलता, कनेक्टिविटी और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ते जुड़ाव की दिशा में बढ़ती समानता को दशार्ता है। उनके अनुसार, जैसे-जैसे अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध की ओर सिमट रहा है, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र यूरोपीय संघ के साथ नए सहयोग के लिए अधिक खुला होता जा रहा है।

## बेरोजगारी दर में गिरावट, गांवों और महिलाओं ने मारी बाजी
# रोजगार के मोर्चे पर थोड़ी राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में भारत की बेरोजगारी दर में गिरावट आई है। श्रम बल में ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं की भागीदारी में बड़ा उछाल आया है। सांख्यिकी मंत्रालय के नए आंकड़े क्या कह रहे, आइए जानते हैं विस्तार से।

भारतीय अर्थव्यवस्था और जॉब मार्केट के लिए एक राहत भरी खबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बेरोजगारी दर कम हुई है। अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही में रोजगार के आंकड़ों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। इनके अनुसार ग्रामीण भारत और महिला कार्यबल की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकार के आंकड़े बताते हैं कि श्रम बाजार अब सुधार की ओर बढ़ रहा है।

- **क्या कह रहे बेरोजगारी से जुड़े आंकड़े-** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर में पिछली तिमाही के मुकाबले कमी आई है।



- **ग्रामीण भारतः** ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की रफ्तार तेज रही है। यहां बेरोजगारी दर अक्तूबर-दिसंबर 2025 में घटकर चार प्रतिशत रह गई है। इससे पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत था। बेरोजगारी दर में गिरावट पुरुष और महिला दोनों वर्गों में रोजगार बढ़ने के कारण आई है।
- **शहरी भारतः** शहरों में भी हालात सुधर रहा है। शहरी बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 6.9 प्रतिशत से घटकर 6.7 प्रतिशत हो गई है। इसमें मुख्य योगदान शहरी पुरुषों का रहा, जिनकी बेरोजगारी दर 6.2 प्रतिशत से गिरकर 5.9 प्रतिशत हो गई है।
- **महिलाओं की बढ़ी भागीदारी-** इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पहलू श्रम बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर), जो यह बताती है कि आबादी का कितना हिस्सा काम कर रहा है या काम की तलाश में है, उसमें इजाफा हुआ है। अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान समग्र एलएफपीआर बढ़कर 55.8 प्रतिशत हो गया, जो पिछली तिमाही में 55.1 प्रतिशत था। विशेष रूप से महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) के लिए यह दर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 34.9 प्रतिशत हो गई है। यह संकेत देता है कि महिलाएं अब बड़ी संख्या में श्रम बल का हिस्सा बन रही हैं।

### खेती और स्वरोजगार का आसरा

आंकड़े बताते हैं कि रोजगार सृजन में अब भी पारंपरिक क्षेत्रों का दबदबा कायम हैः

**कृषि क्षेत्रः** ग्रामीण रोजगार में कृषि क्षेत्र रीढ़ की हड्डी बना हुआ है। इस तिमाही में नियोजित लोगों में से 58.5 प्रतिशत कृषि से जुड़े थे, जो पिछली तिमाही के 57.7 प्रतिशत से अधिक है।

**स्वरोजगारः** नौकरी ढूंढने के बजाय लोग अपना काम शुरू करने को तरजीह दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार बढ़कर 63.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 39.7 प्रतिशत हो गया है। रोजगार का एक अन्य प्रमुख सूचक, श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जो जुलाई-सितंबर 2025 में 52.2 प्रतिशत था, वह बढ़कर 53.1 प्रतिशत हो गया है। बेरोजगारी दर में गिरावट और डब्ल्यूपीआर में वृद्धि यह बताती है कि अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। हालांकि, कृषि और स्वरोजगार पर बढ़ती निर्भरता यह भी बताती है कि संगठित क्षेत्र में अभी और अधिक अवसरों की जरूरत है।

## चांदी की कीमतों में 4000 रुपये का उछाल
# सोना 1.61 लाख रुपये पर पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को तेजी दिखी। चांदी इस दौरान 4000 रुपये प्रति किलोग्राम तक मजबूत हो गई। वहीं सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त दर्ज की गई। आइए जानते हैं सर्राफ बाजार का विस्तृत हाल।

बुधवार को घरेलू सर्राफा बाजार में देखने को मिला। दिल्ली में चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण कीमती धातुओं में यह तेजी आई है।

ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन के मुताबिक, बुधवार को चांदी की कीमतों में 4,000 रुपये या 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस उछाल के साथ चांदी 2,64,500 रुपये से बढ़कर 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।सोने की चमक भी बढ़ी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लिवाली का जोर रहा, जिससे इसके दाम 600 रुपये (0.4 प्रतिशत) बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,700 रुपये पर बंद हुआ था।

बाजार में आई इस तेजी के पीछे अमेरिका से मिल रहे आर्थिक संकेत अहम हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी का कहना है कि सोने और चांदी की कीमतों को फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक कटौती की उम्मीदों से सहारा मिला है। अमेरिका में दिसंबर महीने के खुदरा बिक्री के आंकड़े अनुमान से कमजोर रहे हैं, जो वहां उपभोक्ताओं के खर्च में कमी और आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी होने का संकेत देते हैं। इन कमजोर आंकड़ों के बाद बाजार अब यह मानकर चल रहा है कि फेडरल रिजर्व इस साल ब्याज दरों में तीन बार कटौती कर सकता है, जबकि एक हफ्ते पहले तक केवल दो कटौती की संभावना जताई जा रही थी। ब्याज दरें कम होने का माहौल सोने और चांदी जैसी धातुओं के लिए फायदेमंद होता है, जिन पर कोई ब्याज नहीं मिलता।

## मुंबई के बायकुला की 18 मंजिला इमारत की लिफ्ट गिरी, 5 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के बायकुला में बुधवार रात 18 मंजिला रिहायशी इमारत की लिफ्ट गिर गई। घटना में 5 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह हादसा रात करीब 10 बजे घोड़ापदेव क्रॉस लेन नंबर 1 स्थित जय कृपा टावर में हुआ।लिफ्ट चौथी मंजिल से अचानक नीचे गिरी। मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, बेस्ट कर्मी, एंबुलेंस और स्थानीय वार्ड स्टाफ ने लोगों को लिफ्ट से बाहर निकाला। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## ट्रेड यूनियनों ने भारत बंद का ऐलान किया, बैंकिंग-ट्रांसपोर्ट जैसी सर्विस पर असर

ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को देशभर में ह्यभारत बंदह्न का आह्वान किया है, जिससे कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। किसान संगठनों और 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इस हड़ताल का ऐलान किया है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य, गैस और जलापूर्ति से जुड़ी सेवाएं देशभर में प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल में विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 30 करोड़ वर्कर्स के शामिल होने की संभावना है।

## महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आईपीएल की तर्ज पर होगी मंदिर प्रीमियर लीग

देश में आईपीएल, विमेन प्रीमियर लीग और कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग के बाद अब महाराष्ट्र में पहली बार मंदिर प्रीमियर लीग हो रही है। इसमें राज्य के 12 प्रसिद्ध मंदिरों की टीमें शामिल होंगी। सभी मैच कोल्हापुर में होंगे। स्पर्धा 14 से 16 फरवरी तक चलेगी। सभी मैच डे-नाइट होंगे। इस टेनिस बॉल स्पर्धा में श्री क्षेत्र जोतिबा, श्री क्षेत्र नृसिंहवाड़ी, श्री क्षेत्र अंबाबाई (महालक्ष्मी) कोल्हापुर की दो टीमें, ओढ्यावरील गणपति (प. महाराष्ट्र देवस्थान) सहित 12 टीमें शामिल होंगी। विजेता टीम को 25,555 रु. का पुरस्कार मिलेगा। उपविजेता को 21,111 व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15,555 मिलेंगे।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने माना-एपस्टीन से 3-4 मुलाकातें हुई

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे। यह बातचीत पूरी तरह से प्रोफेशनल थी, जो इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म और दूसरे इंटरनेशनल कामों से जुड़ी थी। पुरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में एपस्टीन विवाद में उनका नाम लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुरी ने कहा, जब मैंने मई 2009 से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था, तब से लेकर 2017 में मंत्री बनने तक की अवधि के 30 लाख ईमेल जारी किए गए हैं। इस दौरान, केवल तीन या चार बैठकों का ही जिक्र मिलता है और मेरी बातचीत पूरी तरह से पेशेवर थी। दरअसल, राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था। पुरी ने यह भी बताया कि वे लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन से भी मिले थे, लेकिन यह मुलाकात भारत में इंटरनेट और कारोबार के अवसरों पर पेशेवर चर्चा के लिए थी। पुरी ने साफ कहा कि इन मुलाकातों का किसी भी तरह की गलत गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं था।

# हिमाचल में कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर, हरियाणा में बारिश

## एमपी के 15-राजस्थान के 7 शहरों में टेंपरेचर 30°

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में बुधवार सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। बिलासपुर में इससे विजिबिलिटी 50 मीटर और मंडी में 100 मीटर से नीचे गिर गई। जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ गई। उधर, हरियाणा के 6 से ज्यादा जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हुई।

मध्य प्रदेश के 15 और राजस्थान के 7 जिलों में तापमान 30 डिग्री के पार चला गया। पिछले 24 घंटे में राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर में दोपहर में हल्के बादल छाए। चूरू, श्रीगंगानगर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। दिल्ली की एयर क्वालिटी बिगडकर बहुत खराब कैटेगरी में पहुंच गई। बुधवार को यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 305 दर्ज किया गया। क्टऊने अगले दो दिनों में मिनिमम टेंपरेचर में एक से दो डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट और उसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का भी अनुमान लगाया है।





### राजस्थान: 25 शहरों में रात का तापमान बढ़ा, चित्तौड़गढ़ सबसे गर्म

राजस्थान में सर्दी का असर कम होने लगा है। दिन-रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। हालांकि, जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं, बुधवार को राज्य के 25 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर (डबल डिजिट) दर्ज हुआ।

इससे इन शहरों में अब सर्दी का असर रात में कम होने लगा है। दिन में भी तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने और तेज धूप रहने से कुछ शहरों में हल्की गर्मी महसूस होने लगी।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-वांगचुक ने भाषणों में हिंसा पर चिंता जताई, इसमें उकसावा कहां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की ठरअ के तहत हिरासत पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या उनके भाषण और सोशल मीडिया पोस्ट सच में भड़काऊ थे। अदालत ने यह भी सवाल किया कि इन बयानों का 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा से सीधा संबंध कैसे जुड़ता है।

केंद्र की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (अरञ्ज) केएम नटराज ने कहा कि वांगचुक के भाषणों से युवा भड़के और हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि वांगचुक ने नेपाल जैसे हालात बनने की चेतावनी देकर लोगों को उकसाया।

इस पर कोर्ट ने पूछा कि भाषण में ऐसा कहां है। वह तो कह रहे हैं कि कुछ युवाओं ने यह रास्ता अपना लिया है और वह खुद हैरान हैं। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि भाषण पढ़ने से लगता है वांगचुक हिंसा का समर्थन नहीं कर रहे, बल्कि उसे लेकर चिंता जता रहे हैं।




सरकार ने 2 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ठरअ) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने

## 55 कलेक्टर, 16 निगमायुक्त, 12 संभागायुक्त कल भोपाल में :जनगणना की तैयारियों को लेकर ट्रेनिंग के लिए बुलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, सभी 12 संभागों के आयुक्तों और 16 नगर निगमों के कमिश्नर गुरुवार को भोपाल में रहेंगे। एक मई से शुरू होने वाली मकानों की गणना के अंतर्गत इन अधिकारियों को जनगणना के प्रशिक्षण के लिए भोपाल बुलाया गया है। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की मौजूदगी में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे।

गृह विभाग के सचिव और राज्य नोडल अधिकारी जनगणना अभिषेक सिंह ने इसको लेकर सभी कलेक्टरों, संभागीय आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 13 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसका पहला चरण मकान गणना के रूप में इसी साल एक मई से शुरू होने वाला है। इसके लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जनगणना 2027 के लिए तय नीति के अंतर्गत कितने दिन में जनगणना होना है, क्या प्रोसेस होगी, क्या सवाल होंगे और डिजिटल टूल्स कैसे इस्तेमाल करने हैं। जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर क्या प्रक्रिया होगी, ट्रेनिंग, फंड वितरण, उपयोगिता प्रमाण पत्र, अलग-अलग इकाइयों की जनगणना में उपयोगिता बताई जाएगी।

## अहमदाबाद प्लेन हादसे पर लंदन के अखबार का दावा

# लिखा- पीड़ित परिवारों को केस छोड़ने के लिए 10 से 20 लाख का ऑफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 की दोपहर एअर इंडिया का लंदन जा रहा प्लेन हादसे का शिकार हुआ था। लंदन के अखबार द इंडिपेंडेंट की एअर इंडिया पर एक रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक एअर इंडिया ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन को अतिरिक्त मुआवजे के बदले केस करने का अधिकार छोड़ने का प्रस्ताव दिया है।

एयरलाइन परिवारों को अतिरिक्त ?10 लाख की अंतिम राशि देकर समझौते की



पेशकश कर रही है। कुछ मामलों में यह 20 लाख रुपए तक है। परिवारों को यह शर्त माननी होगी कि वे भविष्य में हादसे से जुड़ा दावा नहीं करेंगे और सभी कानूनी जिम्मेदारियों से कंपनी को मुक्त करेंगे। यह छूट किसी भी देश या कोर्ट में लागू रहेगी। लीगल टीम ने किया विरोध एअर इंडिया के इस प्रस्ताव का 130 पीड़ितों के परिवारों की लीगल टीम ने विरोध किया है। उसका कहना है कि जांच पूरी नहीं हुई है। जिम्मेदारी तय नहीं हुई है। ऐसे में केस का अधिकार छोड़ने को कहना अनुचित है। कुछ घायल परिवारों का इलाज भी अभी जारी है।

इस मामले में एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एअर इंडिया इस मुश्किल प्रक्रिया से गुजर रहे हर प्रभावित परिवार की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। शुरूआती अं?तरिम राशि देने के बाद हमने यह तय किया है कि हर परिवार को दी जाने वाली आखिरी रकम सही और कानून के हिसाब से हो।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 फरवरी को केंद्र से विमान हादसे की जांच के प्रोसिजरल प्रोटोकॉल की रिपोर्ट देने को कहा है। सरकार ने बताया कि एएआईबी की जांच अंतिम चरण में है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच के सामने एनजीओ सेफ्टी मैटर्स की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि गंभीर एक्सीडेंट के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी की जरूरत होती है, न एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन बोर्ड की जांच की।

### हजारों इंसान भाप बनकर गायब

# आरोप- इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम गिराए थे, इनसे तापमान 3,500 डिग्री पहुंचा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

इजराइल पर गाजा में ह्यवैक्यूम बमह्व इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट द रेस्ट ऑफ द स्टोरी के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है।

इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं।

मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें वैक्यूम बम, थर्मल या थमोबैरिक बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

## सीजफायर लागू होने के बाद से गाजा में 500 लोगों की मौत

इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं।

उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने इजराइल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है।

## बांग्लादेश पर तीन तरह के वैक्यूम बम इस्तेमाल करने का आरोप

एमके-84 हैमरः करीब 900 किलो का बम, जो 3,500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।

बीएलयू-109 बंकर बस्टरः यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है।

जीबीयू-39ः इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए।

## नेतन्याहू बोले- गाजा में अमेरिका के कारण हमारे सैनिक मरे

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया था कि अमेरिका की वजह से इजराइल के कई सैनिक मारे गए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक उन्होंने कहा था कि हमास के खिलाफ गाजा जंग के दौरान हथियारों और गोला-बारूद की सप्लाई रोक दी गई थी।

नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल के पास जरूरी गोला-बारूद खत्म हो गया था, इस वजह से कुछ सैनिकों की जान चली गई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इस वजह से कितने सैनिकों की मौत हुई। इजराइली पीएम ने सीधे तौर पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि यह हथियार रोक तब खत्म हुई जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बने।

## अमेरिका के टेक्सास में एयरपोर्ट पर मेक्सिकन कार्टेल के ड्रोन की घुसपैठ


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास में एल पासो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मेक्सिकन कार्टेल के ड्रोन की घुसपैठ का मामला सामने आया है। इसके बाद फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने एयरपोर्ट के ऊपर का एयरस्पेस 10 दिन के लिए बंद करने का ऐलान किया। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद यह प्रतिबंध हटा लिया। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक खतरे को निष्क्रिय कर दिया गया है और अब कॉमर्शियल उड़ानों के लिए कोई जोखिम नहीं है।

अमेरिकी ट्रांसपोर्टेशन सेक्रेटरी सीन डफी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि डिफेंस डिपार्टमेंट ने कार्टेल ड्रोन की घुसपैठ से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि ड्रोन से जुड़े खतरे को न्यूट्रलाइज कर दिया गया है और इलाके में कॉमर्शियल यात्रा के लिए कोई खतरा नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने ड्रोन शामिल थे और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए क्या कदम उठाए गए।

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई, ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**




ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लॉन्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या भी बढ़ी है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है।

फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी हुई नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि फरवरी की शुरूआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइलें ट्रकों पर लगी नजर आईं।

उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर 1 फरवरी की तस्वीरों में एक फ्छ-135 रीकॉनिसेंस विमान, तीन उ-130 हरक्यूलिस, 18 ङउ-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात उ-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो उ-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 टव्कट-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम ल्रएटळळ ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। जॉर्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 ऋ 15ए स्ट्राइक विमान, 8 अ-10 थंडरबोल्ट, चार उ-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए।

उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक उ-17, एक उ-130 और चार एअ-18ऋग्रोलर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान बेस पर 2 फरवरी को एक उ-5 गैलेक्सी और एक उ-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसंबर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो उ-130 जैसे दिख रहे थे।

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया:मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया।

उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया।

आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

### आसिफ बोले- पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था।

उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।

आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं।

### आसिफ ने बिल क्लिंटन के दौरे का जिक्र किया

उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था।

2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवंबर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने।

### शिया मस्जिद पर हमले की निंदा की

यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह ने ली है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 34 / 40 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दि | ल | क्ष | रि | श्ता | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | दी | ब | जी | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | धी | न | ते | ना | ज | ऑ | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | कें | ज |
| र | ए | म | सु | व | दि | पू | न | डॅ | र | रू |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | य | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | यो | र्न | य | ज | चि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | द | जी | म्य | त |
| वे | वी | लो | नि | या | ल | वी | र | रा | त | रा |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 1 | 6 | | 4 |
| | 37 | | 37 | | 29 | 3 |
| 2 | 4 | | 7 | | 6 | 1 |
| | 31 | 1 | 28 | | 32 | |
| | 6 | | 2 | | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | | 33 | |
| | 1 | | 3 | | 4 | 6 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# 25 साल बाद BNP सरकार के आसार, लेकिन बहुमत नहीं




## कट्टरपंथी जमात भी बहुत पीछे नहीं; हिंदू वोटों के बिना सरकार नहीं

**बांग्लादेश में चुनाव के पहले राजधानी ढाका करीब-करीब खाली है। सड़कों पर ट्रैफिक न के बराबर है। देशभर से बड़ी तादाद में लोग काम के लिए ढाका आते हैं। वे 12 फरवरी यानी आज होने वाली वोटिंग के लिए लौट रहे हैं। अंतरिम सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को 3 दिन की छुट्टी दे दी है। प्राइवेट वर्कर्स को 4 दिन की छुट्टी दी गई है। ट्रेनें खचाखच भरी हैं। लोग छतों पर बैठकर सफर कर रहे हैं। बांग्लादेश में दो दिन पहले चुनावी प्रचार खत्म हो चुका है। इस बार पूर्व ढट खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी इठढ सरकार बनाने की रेस में सबसे आगे है। पार्टी ने पिछली बार 2001 में सरकार बनाई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, BNP को कुल 300 में से 130-140 सीटें मिल सकती हैं। दूसरे नंबर पर जमात-ए-इस्लामी का गठबंधन है, जिसे 90 से 100 सीटें मिलने के आसार हैं। लगातार 4 बार से चुनाव जीत रही शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग इस बार मैदान में नहीं है।**


## 9 घंटे वोटिंग, 13 फरवरी की सुबह तक रिजल्ट

चुनाव के लिए वोटिंग 12 फरवरी को सुबह 7:30 बजे शुरू होगी और शाम 4:30 बजे तक चलेगी। इसके बाद काउंटिंग शुरू हो जाएगी। बांग्लादेश में बैलेट पेपर से ही चुनाव होता है। इसलिए वोटों की गिनती में ज्यादा वक्त लगता है। बांग्लादेश इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, 300 सीटों पर वोटिंग के लिए 64 जिलों में 42,761 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। बांग्लादेश में करीब 12.7 करोड़ वोटर हैं। पहली बार डाक से वोट देने की सुविधा दी गई है। इसका फायदा करीब 1.5 करोड़ वोटर्स को होगा, जो काम के लिए घर से दूर चले गए हैं। 350 सीटों वाली संसद में 300 सांसदों के लिए चुनाव होता है। बाकी 50 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। रिजर्व सीटें चुनाव के नतीजों के हिसाब से मिलती हैं, जैसे अगर इठढ को 120 सीटें मिलती हैं, तो उसे महिलाओं के लिए रिजर्व 20 सीटें मिलेंगी।

### बांग्लादेश चुनाव



| डिवीजन | जिले | उपजिले |
|---|---|---|
| 8 | 64 | 495 |




| वोटर | कैंडिडेट | कुल पार्टी |
|---|---|---|
| 12.7 करोड़ | 1981 | 59 |

सोर्स : बांग्लादेश इलेक्शन कमीशन

### जनमत संग्रह महज दिखावा, सवैधानिक बदलाव होना तय

बांग्लादेश में चुनाव के साथ संविधान में सुधार के लिए जनमत संग्रह भी होना है। डॉ. मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने खुलकर इसके पक्ष में वोट करने के लिए कहा है। चुनाव की कवरेज करते हुए हमने देखा कि सरकारी कर्मचारी भी जनमत संग्रह के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए दिखे। चौधरी कहते हैं, सरकार खुद पक्ष लेती है, तो विपक्ष के जीतने की संभावना नहीं रहती। इसलिए लग रहा है कि संविधान में बदलाव के पक्ष में ज्यादा वोट आएंगे। जनमत संग्रह दिखावा लगता है। सरकार पहले ही संविधान में बदलाव के पक्ष में है। बांग्लादेश जैसे देश में सरकार की इच्छा के खिलाफ रिजल्ट आना बहुत मुश्किल है। मान लीजिए एक हजार वोटर हैं, तो सरकार 900 वोट ह्यहांह्न के वोट दिखा सकती है। यह एक तरह का खेल है, पैसों की बबार्दी है। सरकार चाहे तो अध्यादेश के जरिए भी फैसला कर सकती है। जनमत–संग्रह की जरूरत नहीं है।

### धांधली हुई, तभी जमात सत्ता में आएगी

सीनियर जर्नलिस्ट मोन्जुरुल आलम पन्ना का मानना है कि पहले के मुकाबले जमात के वोटर और समर्थक बढ़े हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि उन्हें अपने दम पर सरकार बनाने लायक समर्थन मिल गया है। अगर चुनाव निष्पक्ष हुए, तो इठढ काफी आगे रहेगी। वे इतनी सीटें जीत सकते हैं कि सरकार बना सकें। अगर कोई हेरफेर हुआ, तो हालात अलग हो सकते हैं। ऐसे में जमात भी आगे आ सकती है। इस बार बांग्लादेश चुनाव में कौन से मुद्दे हावी रहे? मोन्जुरुल बताते हैं, पार्टियों ने एक करोड़ नौकरियां, फैमिली कार्ड, 5 करोड़ पेड़ लगाने जैसे वादे किए हैं।

### बांग्लादेश में हिंदू





**आबादी: लगभग 1.31 करोड़ (7.95%)**

बांग्लादेश की कुल आबादी लगभग **16.98 करोड़** है

यहां हिंदू धर्म, इस्लाम के बाद दूसरा सबसे बड़ा धर्म है

किसी भी जिले में हिंदू बहुसंख्यक नहीं है यानी कहीं उनकी आबादी 50% से ज्यादा नहीं

**सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाले जिले**




**सोर्स**: Population and Housing Census 2022

### अवामी लीग के न होने से BNP को फायदा

बांग्लादेश में करीब 10% हिंदू आबादी हैं। हिंदू वोटर अवामी लीग के वोटर रहे हैं। अवामी लीग ने 2024 के चुनाव में 272 सीटें जीती थीं। उसे 30 से 40% वोट मिलते रहे हैं। इस बार ये वोट बैंक किसके हिस्से में जाएगा, यही सवाल है। अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध का फायदा इठढ को होता दिख रहा है। हिंदू वोटर जमात से दूरी बनाते दिख रहे हैं क्योंकि जमात का नाम अल्पसंख्यकों पर हमले में आता रहा है। ऐसे में उनका झुकाव इठढ की ओर दिख रहा है।

ढाका के ढाकेश्वरी मंदिर में मिले डॉ. सुनीरमल रॉय कहते हैं, हमें पता है कि जमात-ए-इस्लामी इस्लामिक पार्टी है। इठढ लोकतांत्रिक पार्टी है।

पेशे से बिजनेसमैन मोहम्मद शौकत अजीज इठढ के ऑफिस के बाहर खड़े मिले। वे कहते हैं, ह्यबांग्लादेश के लोगों ने आजादी के लिए मुक्ति संग्राम लड़ा था। वह संग्राम इसी मतदान के अधिकार और लोकतंत्र के लिए तो था। उम्मीद है कि चुनाव में यही भावना दिखेगी। लोग वोट के जरिए गलत का विरोध करेंगे। जो पार्टियां झूठ बयान देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लोग उन्हें जवाब देंगे।

### एक्सपर्ट बोले- सबसे बड़ी फिक्र चुनाव निष्पक्ष होंगे या नहीं

ढाका यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और पॉलिटिकल एक्सपर्ट सैफुल इस्लाम चौधरी कहते हैं, ह्यचुनाव के नतीजे क्या होंगे, मुझे इससे ज्यादा फिक्र इस बात की है कि चुनाव निष्पक्ष होंगे या नहीं। लोग खुलकर वोट डाल पाएंगे या नहीं। एक रात पहले ही ढाका के बाहर कई घटनाएं हुई हैं।'


'कुछ न कुछ गड़बड़ करने की कोशिशें चल रही हैं। कैंडिडेट धमकी दे रहे हैं कि अगर वे नहीं जीते तो विरोधियों के घरों में तोड़फोड़ करेंगे। इसीलिए सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता है। अगर लोगों को सुरक्षा का भरोसा नहीं होगा, तो वे डर की वजह से पोलिंग बूथ तक नहीं जाएंगे।


चौधरी आगे कहते हैं, अगर चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई, तो कहना मुश्किल है कि कौन कितनी सीटें जीतेगा। मैं इस देश के लोगों के वोटिंग बिहेवियर को जानता हूं। यहां लोग कैंडिडेट की बजाय पार्टी को वोट देते हैं। अवामी लीग इस बार नहीं है। मुझे लगता है कि बहुत से लोग इठढ को वोट देंगे। चुनाव में धांधली नहीं हुई, तो हो सकता है कि इठढ सत्ता में आ जाए।


हिंदू और अवामी लीग के वोट किसे वोट देंगे? चौधरी जवाब देते हैं, ह्यअगर अवामी लीग के 10% वोटर भी मतदान करें और उनमें से 8 से 9% इठढ को वोट दे दें, तो भी इठढ आसानी से जीत सकती है। अगर वे जमात को वोट देंगे, तो जमात जीत सकती है। हालांकि, सैफुल इस्लाम चौधरी मानते हैं कि किसी भी पार्टी को बहुमत लायक 151 सीटें मिलती नहीं दिख रही हैं।

वे कहते हैं, इस स्थिति में शायद जमात और इठढ के बीच पर्दे के पीछे समझौता हो सकता है। ये थोड़ा अजीब होगा, लेकिन दोनों मिलकर सरकार बना सकते हैं।

### बांग्लादेश में पिछले 5 चुनाव



■ वर्ष-12 अंक-101 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 12 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥

**भावार्थ** : वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

**सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।**
**नासत्यं च प्रियं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः ॥**

**भावार्थ** : सत्य और प्रिय बोलना चाहिए; पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है।

## सम्पादकीयम्

### आव्हानानि नवीनाः संकल्पः समानः

लालदुर्गात् स्वभाषणे प्रधानमन्त्री मोदी मेक इन इण्डिया तथा आत्मनिर्भर भारत इति विषयेषु बलं दत्तवान्, यस्य उद्देश्यं महत्त्वपूर्णखनिजात् आरभ्य शस्त्रपर्यन्तं सर्वेषु विषयेषु स्वावलम्बनं प्राप्तुं वर्तते। सः गुणवत्तापूर्णानां उत्पादानाम् निमार्णे ध्यानं दातुं आवश्यकतां बोधितवान्, येन वैश्विकविपण्ये भारतस्य प्रतिबिम्बं सुदृढं कर्तुं शक्यते। स्त्रे मोदी यदि स्वातन्त्र्यस्य ७९ तमे वर्षे लालदुर्गात् प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य भाषणं स्मरणीयम् इति कथ्यते तर्हि न केवलं तस्य अद्यपर्यन्तं दीर्घतमं भाषणं जातम् अथवा लालदुर्गस्य प्राचीरात् क्रमशः द्वादशवारं राष्ट्रं सम्बोधितवान् इति कारणं, एषः अवसरः पण्डितजवाहरलालनेहरू इत्येतदतिरिक्तः अन्यः कोऽपि प्रधानमन्त्री न प्राप्तवान्। पीएम मोदी येषु परिस्थितौ, आव्हानेषु च राष्ट्रं सम्बोधितवान्, तेषु अपि एतत् भाषणं महत्त्वपूर्णं भवति स्म। मेक इन इण्डिया इत्यत्र बलं दत्तम्ः अद्य अमेरिका शुल्कयुद्धद्वारा स्वस्य वर्चस्वं स्थापयितुं प्रयतते, चीनदेशः तु दुर्लभपृथिवीखनिजान् शस्त्रं कृतवान्। एतस्य सर्वस्य मध्ये भारतेन प्रगतिः निरन्तरं कर्तुं मार्गः अन्वेष्टव्यः भविष्यति। स्वाभाविकतया प्रधानमन्त्रिणा 'मेक इन इण्डिया', 'आत्मनिर्भर भारत' इत्येतयोः विषये विशेषं बलं दत्तम्। सः महत्त्वपूर्णपृथिवीधातुः, तैल-वायुः, अर्धचालकाः शस्त्राणि यावत् सर्वेषु आत्मनिर्भरतायाः विषये कथितवान्। यथा जगत् परिवर्तते, तथैव अन्येषां आश्रयस्य न्यूनीकरणे अपि ध्यानं दातव्यम्।

डिजिटलव्यसनस्य छायायां बाल्यकालः

# भग्नजीवनं, भारतस्य च अपूर्ण सामाजिकमाध्यमसुरक्षानीतिः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

भारतं एतादृशं कालखण्डं गच्छति यत्र बालजगत् द्रुतगत्या परिवर्तमानं वर्तते। क्रीडाङ्गणानां, क्रीडाङ्गणानां, मित्राणां च स्थाने चलपर्दे स्थापिताः सन्ति। एषः परिवर्तनः सहसा न अभवत्, अपितु क्रमेण अस्माकं दृष्टेः पुरतः प्रकटितः। गाजियाबादतः त्रीणां नाबालिगभगिनीनां, भोपालनगरस्य १४ वर्षीयस्य बालकस्य च मृत्योः कारणात् एतत् सत्यं क्रूररूपेण उजागरितम् यत् डिजिटलजगत् केवलं मनोरञ्जनम् एव नास्ति, अपितु अनेकेषां निर्दोषजीवनानां मानसिकजालं जातम्। एताः घटनाः संयोगेन न भवन्ति, अपितु एकस्याः प्रणाल्याः परिणामः यत्र बालकानां सुरक्षायाः अपेक्षया अङ्कीयलाभानां महत्त्वं अधिकं दीयते।

भारते अन्तर्जालस्य स्मार्टफोनस्य च उपयोगेन विगतदशके क्रान्तिः अभवत्। सर्वकारीयनिजीप्रतिवेदनानुसारम् अद्यत्वे देशे ८० कोटिभ्यः अधिकाः अन्तर्जालप्रयोक्तारः सन्ति, तेषु प्रायः तृतीयभागः बालकाः किशोराः च सन्ति साधारणः भारतीयः बालकः प्रतिदिनं ३ तः ६ घण्टाः यावत् पदार्सु यापयति। कोविड-१९ महामारी-काले अयं समयः अधिकं वर्धितः अस्ति। ऑनलाइनशिक्षणेन मोबाईलफोनः बालजीवनस्य अत्यावश्यकः भागः अभवत्। परन्तु तेषां अध्ययनस्य समाप्तेः अनन्तरं ते एव मोबाईलफोनाः गेमिंग, सोशल मीडिया, ऑनलाइन आव्हानानां द्वारं अभवन्। क्रमेण बालकाः वास्तविकं जगत् नीरसं, पदार्पृष्ठतः जगत् अधिकं आकर्षकं च पश्यन्ति स्म।

ऑनलाइन गेमिंग इत्यस्य मनोविज्ञानम् अत्यन्तं जटिलम् अस्ति। अनेकाः क्रीडाः कायार्धारिताः च ऑनलाइन-प्रवृत्तयः उपयोक्तारः अग्रिमस्तरं पूर्णं कर्तुं निरन्तरं चिन्तिताः भवन्तु इति विनिर्मिताः सन्ति। प्रत्येकं कार्यं सम्पन्नं कृत्वा मस्तिष्के डोपामाइन् मुक्तं भवति, येन सुखस्य, सन्तुष्टेः च भावः प्राप्यते। एषा प्रक्रिया पुनः पुनः भवति, येन व्यसनं भवति। अद्यापि विकसितं बालकानां मस्तिष्कं एतत् प्रभावं अवगन्तुं असमर्थम् अस्ति। ते क्रीडायाः दबावानां वास्तविकजीवनस्य महत्त्वस्य च भेदं कर्तुं असमर्थाः भवन्ति। गाजियाबाद-नगरस्य त्रयाणां भगिन्यानां सन्दर्भे प्रारम्भिक-अनुसन्धानेन ज्ञायते यत् ते कार्य-आधारित-अनलाईन-क्रीडायां भावनात्मकरूपेण संलग्नाः अभवन्, यत्र क्रीडायाः समाप्तिः तेषां लक्ष्यं जातम् समस्या केवलं गेमिङ्ग इत्यत्र एव सीमितं नास्ति। सामाजिकमाध्यमस्य एल्गोरिदम् अपि अस्मिन् एव सिद्धान्ते कार्यं कुर्वन्ति।

मङ्गलूरुपुलिस आयुक्तस्य

# नेपाल-नगरस्य एकं प्रमुखं साइबर-धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अस्मिन् अभियाने मङ्गलूरुपुलिसः नेपाल-नगरस्य एकं प्रमुखं साइबर-धोखाधड़ी-समूहं अपि बन्दं कृत्वा षट् आरोपिणः गृहीतवन्तः। मङ्गलूरुपुलिस आयुक्तस्य सुधीर रेड्डी इत्यस्य मते नेपाल, कम्बोडिया, दुबईदेशात् च एतत् रङ्गं युगपत् कार्यं करोति स्म। साइबरअपराधिनः सामाजिकमाध्यममञ्चैः, कालसेण्टरैः च देशे सर्वत्र जनान् निवेशयोजनासु प्रलोभयन्ति स्म। यदा पीडिताः निवेशं कुर्वन्ति स्म तदा खच्चरखातेषु धनं निक्षिप्तं भवति स्म। ततः भारते गिरोहसदस्याः एतानि धनराशिं नेपालादिदेशेषु स्थानान्तरयन्ति स्म।

मङ्गलूरुपुलिसः अस्मिन् प्रकरणे सम्बद्धानां ६२४ खच्चरखातानां पहिचानं कृतवान्, ये प्रायः ४,५८० साइबरअपराधप्रकरणैः सह सम्बद्धाः सन्ति। अन्वेषणकाले एतदपि ज्ञातं यत् एकस्मात् बैंकशाखातः नेपालदेशं प्रति प्रायः १६५ कोटिरूप्यकाणि स्थानान्तरितानि। अस्मिन् सम्पूर्णे रैकेट्-सम्बद्धे धोखाधड़ीयाः कुलराशिः सम्प्रति पुलिसैः आकलनं क्रियते। साइबर-अपराध-विशेषज्ञाः वदन्ति यत् खच्चर-खातानां उपयोगः अन्तर्जाल-धोखाधड़ीयां प्रमुखं शस्त्रं जातम्। जालसाजकाः प्रत्यक्षतया स्वखातानां उपयोगं न कुर्वन्ति, अपितु धनं स्थानान्तरयितुं अन्येषां नाम्ना बैंकखाताः उद्घाटयन्ति, येन अन्वेषणसंस्थानां कृते अपराधिनां सम्पर्कः कठिनः भवति। कर्नाटक-सीआइडी-संस्थायाः नागरिकेभ्यः आह्वानं कृतम् यत् ते कस्यापि अज्ञातनिवेशयोजनायां, मोबाईल-एप्-मध्ये, सामाजिक-माध्यम-लिङ्क्-इत्यत्र वा विश्वासं न कुर्वन्तु। अन्यस्य कस्यचित् व्यक्तिस्य वा संस्थायाः वा कोऽपि स्वस्य बैंकखाते: उपयोगं कर्तुं न अनुमन्यते इति अपि पुलिसैः चेतावनी दत्ता।

## वर्तमानव्यवस्था प्रायः विभिन्नराज्येषु भिन्ननियमानां प्रक्रियाणां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

वर्तमानव्यवस्था प्रायः विभिन्नराज्येषु भिन्ननियमानां प्रक्रियाणां च कारणेन मालस्य आवागमनं बाधते। सर्वकारः एकरूपं पारदर्शकं च व्यवस्थां विकसितुं कार्यं कुर्वन् अस्ति यत् देशे सर्वत्र व्यापारं कर्तुं सुलभं करिष्यति। आर्थिकविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् यदि प्रस्ताविताः सुधाराः कार्यान्विताः भवन्ति तर्हि जीएसटी-व्यवस्थां अधिकं प्रभावी, व्यापार-अनुकूलं च कर्तुं महत्त्वपूर्णं सोपानं भविष्यति। एतेन न केवलं व्यवसायेभ्यः राहतं प्राप्स्यति अपितु करसङ्ग्रहे अपि सुधारः भविष्यति इति संभावना वर्तते। जीएसटी पूर्णतया डिजिटल-प्रौद्योगिकी-आधारित-प्रणाल्यां परिणतुं, पारदर्शितायाः वर्धनं, कर-चोरी-निवारणं च कर्तुं सर्वकारस्य उद्देश्यम् अस्ति। तदतिरिक्तं सरलीकृतप्रक्रियाभिः व्यवसायेभ्यः उत्तमं व्यावसायिकवातावरणं प्रदास्यति।

## राशिफल

**मेष** : कोई आपकी सहनशक्ति की परीक्षा ले सकता है, लेकिन इससे आपकी असली पहचान नहीं बदलेगी।

**वृषभ** : आज आप समझेंगे कि शांत रहना मतलब सब कुछ कंट्रोल करना नहीं, बल्कि जो होता है उसे स्वीकार करना।

**मिथुन** : आपको जो स्पष्टता मिलेगी, वह एकांत जगह पर मिलेगी, जहां शोर-शराबा ना हो। आज थोड़ी देर खुद को रोकें।

**कर्क** : पेशेवर अवसर उन कामों में बेहतर होंगे जो आपके कौशल और विशेषज्ञता पर आधारित हों।

**सिंह** : हालांकि ये चीजे आपकी पहचान तय नहीं करेंगी, जो पहले बहुत जरूरी लगता था, अब वह महत्वहीन लगेगा।

**कन्या** : दूसरों के साथ-साथ खुद के साथ भी दयालु रहें। आप अपनी सारी कामयाबी हासिल कर लेंगे।

**तुला** : किसी बात को स्वीकार करना और यह मान लेना कि यह आपको प्रभावित कर रही है, थोड़ी तकलीफ दे सकता है।

**वृश्चिक** : जब आप उन भ्रमों को छोड़ देंगे जो सच नहीं हैं, तो आपके लिए नई संभावनाओं और विकास की जगह बनेगी।

**धनु** : आज आपको बात करने के बजाय चीजों को देखकर सीखने का मौका मिलेगा। अपने मन में सोचें, वाह, कितना अजीब है!

**मकर** : अपनी ऊर्जा को बर्बाद करने की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए कुछ बातें बिना जवाब छोड़ी जाए तो बेहतर है।

**कुंभ** : अगर आप सिचूएशन को पलटने पर विचार कर रहे हैं, तो आगे बढ़ें। भावनात्मक बोझ हल्का होगा।

**मीन** : भावनात्मक रूप से आप किसी और का भारी बोझ नहीं उठा सकते। आप किसी ऐसे व्यक्ति के लिए खुश रह सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र का राहु के नक्षत्र में गोचर, 3 राशि वालों को मिलेगा जबदस्त लाभ और करेंगे तरक्की

शुक्र नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशि के जातकों को दांपत्य जीवन में मधुरता, रिश्तों में पारदर्शिता और धन लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आइए इन राशियों के नाम जानते हैं..

ज्योतिषियों के मुताबिक, इस साल 11 फरवरी 2026 को धन के कारक शुक्रदेव राहु के नक्षत्र शतभिषा में प्रवेश कर चुके हैं। कहते हैं कि, शतभिषा नक्षत्र रहस्यमय और एकांत का कारक होता है। ऐसे में जब वैभव और आकर्षण के कारक शुक्र यहां गोचर करेंगे, तो कुछ राशि वालों पर इसका सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। इससे जातकों के भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और उनका मानसिक संतुलन भी बना रहेगा। इस दौरान रिश्तों पर इसका खास असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों को कारोबार के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती हैं। ये यात्राएं अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। चीजों से मनचाहा लाभ मिलेगा और नए संपर्क भविष्य में बड़ा आर्थिक लाभ दे सकते हैं। इस समय वृषभ राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। यही नहीं अटके हुए काम गति पकड़ेंगे और आय के नए स्त्रोत खुलने की संभावना है। प्रेम जीवन सुखमय बनेगा, जिससे मानसिक शांति भी महसूस होगी। भविष्य में फायदे के अवसर बनें।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों को नई नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जीवनसाथी से जुड़ी कोई शुभ खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। जो लोग विवाह योग्य हैं, उनके रिश्ते की बात आगे बढ़ सकती है। आर्थिक मामलों में भी स्थिरता आएगी और खर्चों पर नियंत्रण बना रहेगा। इस समय संगीत से जुड़े लोगों के आगे बढ़ने के नए मौके प्राप्त होंगे। दोस्ती में सारी गलतफहमियां दूर हो जाएंगी। धन की स्थिति मजबूत रहेगी।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के लिए समय सुखमय रहने वाला है। मांगलिक और शुभ कार्यों में शामिल होने के अवसर मिलेंगे, जिससे समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी और रिश्ते पहले से अधिक मजबूत होंगे। शिक्षा और बच्चों के मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धन लाभ के साथ-साथ भौतिक सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। भाग्य का अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा।

## खबर एक नजर...

### ग्रामीण से मारपीट करने वाले 2 भाईयों को सजा

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र में रहने वाले गणपत के साथ 17 जून 2023 को खेत पर एंगल गाढ़ने का विरोध करने पर पड़ोसी धर्मेन्द्र और उसके भाई जितेन्द्र ने मारपीट की थी। गणपत की पत्नी बिरजाबाई और पुत्री जशोदा बीच बचाव करने आये तो दोनों धमकी देकर भाग निकले थे। इंगोरिया पुलिस ने मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज कर घायल गणपत को उपचार के लिये शासकीय अस्पताल भेजा था। जहां उसके हाथ में फ्रेक्चर होना सामने आया। डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर धारा 325/34 का इजाफा किया गया। अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने पर 30 जनवरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट बड़नगर द्वारा फैसला सुनाते हुए दोनों भाईयों धर्मेन्द्र और जितेन्द्र को 6-6 माह की सजा और एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया। सजा का फैसला आने पर दोनों भाईयों ने अपर सत्र न्यायालय में अपील करते हुए खुद को निर्दोष बताया और दोषमुक्त करने की गुहार लगाई। अपील पर हुई सुनवाई के बाद पाया गया कि पूर्व में दिया गया फैसला सही है, सजा को स्थिर रखा जाता है और अपील का निरस्त किया जाता है।

### 10 दिनों बाद रतलाम स्टेशन पर मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम अमला में रहने वाली 17 साल की बालिका 31 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने थाने पहुंचकर अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने मामला नाबालिग से जुड़ा होने परर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश में एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, नारायण सरा और महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम गठित की। 10 दिनों की तलाश के बाद बालिका को रतलाम रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालिका को बड़नगर लाने पर उसके कथन दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि माता-पिता ने उसका रिश्त तय कर दिया था, वह शादी नहीं करना चाहती थी, इसी बात से नाराज होकर घर से बिना बताये चली गई थी। थाना प्रभारी ने समझाईश के बाद बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया।

### पत्नी ने साथ चलने से मना किया तो पति खाया जहर

**उज्जैन।** पति की शराब पीने की लत से परेशान पत्नी चार माह पहले 2 बच्चों के साथ मायके आ गई थी। बुधवार को पति उसे लेने पहुंचा, पत्नी ने चलने से मना कर दिया। पति ने लौटते वक्त रास्ते में जहर खा लिया। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला जैथल टेक का सामने आया है। नागदा की जबरन कालोनी में रहने वाला राहुल पिता मांगीलाल चार माह से मायके रह रही पत्नी को ग्राम जैथल लेने पहुंचा था, पत्नी ने ससुराल चलने से मना कर दिया। राहुल नागदा जाने के लिये निकला और रास्ते में जहर खा लिया। उसे एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया। खबर मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। राहुल का उपचार चल रहा है।

### ट्रेक्टर हादसे में घायल महिला की 4 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला फंटा की रहने वाली किरण पति विक्रम मकवाना 19 साल 6 फरवरी का ट्रेक्टर हादसे में गंभीर घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। 4 दिन चले उपचार के दौरान बुधवार को किरण की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 457-6 |
| मेन बाजार | 388-9 | 457-6 |
| मिलन डे | 177-5 | 670-3 |
| मिलन नाइट | 570-2 | 356 -4 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 5 | 9 |

## बिरलाग्राम में हुई लूट का खुलासा, घिनौदा से हिरासत में आये बदमाश

# भाईयों ने साथी के साथ मिलकर लूटे थे चांदी के आभूषण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शादी से लौट रहे पुत्र और मां पर चाकू से हमला कर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ मोबाइल लूटने वाले 3 बदमाशों को घिनौदा से हिरासत में लिया गया है। बदमाशों में दो सगे भाई है। जिनसे 6 लाख कीमत के आभूषण बरामद किये गये है।

बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाले राहुल गुर्जर अपनी माता पन्नाबाई के साथ 4 फरवरी को शादी में शामिल होने ग्राम बरखेड़ा गया था। देर शाम लौटते वक्त खुरमुडी मार्ग ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास बाइक सवार 3 बदमाशों ने पाइप से हमला कर दोनों को गिरा दिया था और चाकू से वार कर पन्नाबाई से 1 किलो 700 ग्राम चांदी के आभूषण, सोने मुर्की और मोबाइल लूट लिया था। पन्नाबाई गंभीर घायन हुई थी। मामले में पुलिस ने राहुल गुर्जर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 309 (6), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 6



दिनों की तलाश के बाद बुधवार को लूट में शामिल 3 बदमाशों को ग्राम घिनौदा भाटपचलाना क्षेत्र से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बदमाशों में दिनेश पिता जानकीलाल मोंगिया 25 साल निवासी ग्राम खेरवास जिला धार, उसका भाई घनश्याम मोंगिया 30 साल और गणेश उर्फ गणपत पिता दशरथ मोंगिया 40 साल निवासी मंदसौर है। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर चांदी का कंदोरा, आंवले, कड़े, सोने की मुर्की, वीवो मोबाइल, लोहे का पाइप, चाकू, टीवीएस रेडॉन मोटर साइकिल बरामद की।

### भाटपचलाना में किराये से लिया था मकान

बताया जा रहा है कि बदमाशों में घनश्याम मोंगिया पर 11 और दिनेश के खिलाफ 9 अपराधिक मामले पूर्व में भी दर्ज है। कुछ दिनों से वह भाटपचलाना थाना क्षेत्र में किराये से मकान लेकर निवास कर रहे थे। बदमाशों में एक का ससुराल भी भटपचलाना क्षेत्र में है। तीनों शराब पीने के बाद सूनसान रास्तों से गुजरने वालों के साथ पाइप से हमला कर लूटपाट को अंजाम देते थे। पुलिस द्वारा तीनों से पूछताछ की जा रही है।

### लूट के बाद खंगाले गये थे कैमरे

4 फरवरी की शाम हुई लूट की पुत्र और मां के साथ हुई लूट की वारदात के बाद पुलिस ने बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये। सायबर टीम की मदद ली गई और सामुदायिक पुलिसिंग पर काम किया गया। जिसके चलते बदमाश 6 दिनों में पुलिस गिरफ्त में आ गये और लूट का पूरा मश्रुका बरामद कर लिया गया।

# मोमिनपुरा में चलती ट्रेन से गिरा बिहार का युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन से बुधवार शाम युवक गिर गया। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया, जहां 2 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। युवक बिहार का रहने वाला था।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि शाम 4.30 बजे लगभग मोमिनपुरा रेलवे ट्रेक पर चलती ट्रेन से युवक के गिरने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर एम्बुलेंस पहुंची और गंभीर घायल युवक को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। सिर में गहरी चोंट होने पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती किया लेकिन शाम 6.30 बजे के लगभग उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक बिहार के कटिहार का रहने वाला पंखे पर लटका मिला अक्षय पिता संतोष 19 साल है। उसके परिजनों का सूचना दी गई, उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। परिजनों द्वारा ही मृतक युवक के संबंध में जानकारी मिल पायेगी कि वह कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था।




**जीरो पाइंट ट्रेक पर मिले मृतक की पहचान-** जीआरपी ने मंगलवार-बुधवार रात जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रेक से युवक का कटा हुआ शव बरामद किया था। बुधवार सुबह उसकी पहचान मोबाइल के माध्यम से धर्मेन्द्र पिता कालूराम 30 साल निवासी गांधी बस्ती जीरापुर राजगढ़ के रूप में की गई। भाई अर्जुन के आने पर पता चला कि 2 दिन से लापता था और मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार उसकी तलाश कर रहा था। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# पंखे से लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अलाव तापने के लिये पिता से छत पर रखी लकड़ी लेने का बोलकर गया पुत्र जब वापस नहीं लौटा तो मां उसे देखने पहुंची। कमरे का दरवाजा बंद था, खिड़की से देखा तो पुत्र पंखे पर लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

इंदौर-नागदा बायपास पर तिरूपति प्लेटिनियम में रहने वाला हीरालाल सोलंकी महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। मंगलवार-बुधवार रात में वह खाना खा रहा था, उसी दौरान पुत्र दिपेश सोलंकी 21 साल आया और बोला की ठंड लग रही है। अलाव तापना है। हीरालाल ने छत पर लकड़ी रखी होने की बात कहीं। दिनेश छत पर लकड़ी लेने गया और काफी देर तक वापस नहीं लौटा, हीरालाल की पत्नी प्रेमलता उसे देखने पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद था। खिड़की से देखने पर दिपेश पंखे से लटका दिखाई दिया। पुत्र के फांसी लगाने की सूचना नीलगंगा



थाना पुलिस को दी गई। रात 2 बजे पुलिस घटनास्थल पहुंची और दरवाजा तोड़कर दिपेश का शव नीचे उतारा गया। बुधवार सुबह मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रात में पुलिस ने घटनास्थल का कमरा सील कर दिया था। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कमरे की जांच कर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

**जूना सोमवारिया में सास ने बहू को लटका देखा-** मंगलवार देर शाम जूना सोमवारिया में रहने वाली रिजवाना बी पति शहनवाज 22 साल ने फांसी लगा ली। घटना के समय सास जरीना बी अस्पताल गई हुई थी, जब वह लौटी तो बहू का दुपट्टे से लटका देखा। रिजवाना का 10 माह पहले निकाह हुआ था। मायका महिदपुर में है। पति छत्री चौक पर कटलरी की दुकान लगाता है। रिजवाना के फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आई है। जीवाजीगंज पुलिस जांच कर रही है।


## जीवनखेड़ी क्षिप्रा किनारे हुई घटना, बड़वानी का रहने वाला था मृतक

# घाट निर्माण की धंसी मिट्टी, दबने से मजदूर की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जीवनखेड़ी में बुधवार सुबह हादसा हो गया। घाट निर्माण कार्य में लगा मजदूर मिट्टी धंसने से दब गया, उसे बाहर निकाला जाता उससे पहले मौत हो चुकी थी। मजदूर का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के जीवनखेड़ी में क्षिप्रा नदी किनारे सिंहस्थ के मद्देनजर घाट का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य में बड़वानी के ग्राम डूंगर गांव थाना सिलावद का रहने वाला सुरेश पिता



नरसिंह मजूदरी के लिये आया हुआ था। बुधवार सुबह 11 बजे के लगभग काम के दौरान घाट निर्माण के लिये बनाये गये मिट्टी के सिलोप की दीवार अचानक धंस गई। मजदूर सुरेश पानी के छोर पर खड़ा था, मिट्टी उसके ऊपर गिरने से दब गया। हादसा देख साथी मजदूरों ने मिट्टी हटाने का काम शुरू किया औ करीब 15 से 20 मिनट बाद उसे बाहर निकाला। सुरेश बेसुध हो चुका था, उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को मिली तो मर्ग कायम किया गया। मृतक मजदूर बडवानी का रहने वाला था। परिजनों को सूचना दी गई। एएसआई राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के अनुसार शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। देर रात तक परिजनों ने उज्जैन पहुंचने की बात कहीं है। उनके आने पर गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर घटनाक्रम की जांच की जायेगी।

### अब तक चार मजदूरों की जा चुकी है जान

सिंहस्थ को लेकर पूरे शहर में निर्माण कार्य चल रहे है। जिसमें क्षिप्रा के 29 किलोमीटर घाटों का निर्माण कार्य, ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य चल रहा है। बाहर के मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा है। दिसंबर माह में भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के अम्बोदिया में निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट मशीन का डाला टूटने से नेपाल के मजदूर की मौत हो गई। जनवरी माह के अंत में इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन ब्रिज निर्माण के दौरान सरियों का जाल गिरने पर झारखंड का मजदूर दबकर अपनी जान गवां बैठा था। वहीं 4 दिन पहले बड़नगर मार्ग पर मुल्लापुरा क्षेत्र में ब्रिज निर्माण के दौरान वाइब्रेट मशीन चलाते समय पश्चिम बंगाल के मजदूर की मौत हुई थी। अब जीवनखेड़ी में हादसा हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com